नई दिल्ली
सोमवार 5 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 263
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 16.0
न्यून. 7.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत


मुस्तफिजुर रहमान

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद तनातनी

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम, आईसीसी से श्रीलंका में मैच कराने को कहा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बीसीबी की तरफ से इस पूरे मुद्दे को लेकर बयान जारी किया गया है। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है।

**बांग्लादेश को चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है**


बांग्लादेश की टीम

### खेल मंत्रालय ने बीसीबी को दिए थे निर्देश

इससे पहले, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री ने बीसीबी को निर्देश दिया था कि वह आईसीसी से बांग्लादेश के मुकाबले श्रीलंका में आयोजित करने की मांग उठाए। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बीसीबी के अध्यक्ष और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने के बाद बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई थी। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

बांग्लादेश की एक और गीदड़भभकी...

### आईपीएल के प्रसारण पर रोक की तैयारी

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश ने भारत में हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के बहिष्कार की धमकी दी है और अब आईपीएल को लेकर बांग्लादेश बड़ा कदम उठा सकता है। दरअसल, टी स्पोर्ट्स के पास 2027 तक बांग्लादेश में आईपीएल के प्रसारण अधिकार है। यह डील 2023 में वायकॉम18 के साथ की गई थी। अब इस पर रोक लगाने की तैयारी हो रही है। अब इस मामले में बांग्लादेश सरकार भी कूद पड़ी है और देश में आईपीएल 2026 के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में अब पावर बैंक के इस्तेमाल पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** अब फ्लाइट के दौरान पावर बैंक का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी।



डीजीसीए ने साफ किया है कि सुरक्षा कारणों से विमान में पावर बैंक का उपयोग पहले से ही प्रतिबंधित है और अब इसे सख्ती से लागू किया जा रहा है। पावर बैंक में लिथियम आयन बैटरी होती है, जो डैमेज होने पर आग लगने का खतरा पैदा कर सकती है।

### शादी के 14 साल बाद अलग हुए जय भानुशाली-माही विज

**मुंबई।** टीवी एक्टर जय भानुशाली और एक्ट्रेस माही विज ने अलग होने का फैसला किया है। इस



फैसले की जानकारी जय ने सोशल मीडिया के जरिए दी। रविवार को जय और माही ने इंस्टाग्राम पर एक साझा बयान पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि आज हम जिंदगी के सफर में अलग रास्ते चुन रहे हैं।

### आईसीजी पोत 'समुद्र प्रताप' का आज जलावतरण

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल के पोत 'समुद्र प्रताप' का जलावतरण करेंगे। यह प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्मित दो पोतों में से एक है। यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए उन्नत प्रणालियों से लैस है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर और उसके बाहर व्यापक प्रदूषण-रोधी अभियान चलाने में मदद मिलेगी। यह उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन, चिपचिपे तेल से प्रदूषक अलग करता है।

**बड़ा सवाल : ट्रंप की यह नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी मुहिम या दुनिया में अमेरिकी प्रभुत्व को और मजबूत करना है?**

मादुरो को अगवा करने पर पेट्रो ने कहा था कि यह लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला, इससे मानवीय संकट पैदा होगा

# अब कोलंबिया के राष्ट्रपति की बारी, ट्रंप ने धमकी दी-गुस्तावो पेट्रो 'सावधान' रहें

*ट्रंप अब क्यूबा के खिलाफ भी एक्शन ले सकते है। मेक्सिको के बारे में उनका मानना है कि उसे ड्रग कार्टेल चला रहे हैं। इसलिए, उनको भी खत्म करना होगा*


डोनाल्ड ट्रंप गुस्तावो पेट्रो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने वेनेजुएला पर एयरस्ट्राइक कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया है। डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई है। इन देशों ने अमेरिका की इस सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को सरेआम धमकी दी है।

ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए पेट्रो के बारे में कहा कि वह कोकीन बना रहे हैं और उसे संयुक्त राज्य अमेरिका भेज रहे हैं इसलिए उन्हें सावधान रहना होगा। अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक मादुरो ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मादुरो को न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया**


वेनेजुएला में प्रदर्शन करते नागरिक

**ट्रंप की इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिकी देशों की टेंशन बढ़ गई**

**कोलंबिया को पहले ही ट्रंप निशाना बनाने की चेतावनी दे चुके है**

### मेक्सिको और क्यूबा को भी धमकाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिया कि क्यूबा ट्रंप प्रशासन का अगला निशाना हो सकता है। वेनेजुएला और क्यूबा दोनों को लेकर लंबे समय से चिंतित रहे रुबियो ने कहा कि अगर मैं हवाना में रहता और सरकार में होता तो मैं कम से कम थोड़ा तो चिंतित होता। ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के साथ कुछ न कुछ करना ही होगा। राष्ट्रपति क्लाउडिया शाइनबाम एक अच्छी महिला हैं, लेकिन वह देश नहीं चला रही हैं। मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं।

**भारत पर इस घटनाक्रम का क्या असर?**

### वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ा सकती है ओएनजीसी

भारत कभी वेनेजुएला में कच्चे तेल का प्रमुख उत्पादक देश था, जो एक समय वेनेजुएला से रोजाना करीब चार लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात करता था। हालांकि वेनेजुएला पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने 2022 में लैटिन अमेरिकी देश से तेल खरीद बंद कर दी। भारत की प्रमुख विदेशी उत्पादक कंपनी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड,पूर्वी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत ने कहा- हालात चिंताजनक, बातचीत से हो समाधान

वेनेजुएला में हालिया राजनीतिक और सुरक्षा घटनाक्रम को लेकर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा व भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से अपील करता है कि वे मौजूदा मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के माध्यम से करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

# ममता बनर्जी ने फिर लिखा सीईसी को पत्र, एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर जतायी चिंता

कहा, एसआईआर की खामियों को तुरंत ठीक करें या इस 'मनमानी, अनियोजित' प्रक्रिया को रोकें



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर बंगाल में एसआईआर के दौरान कथित अनियमितताओं, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों और प्रशासनिक खामियों पर चिंता जताई है। उन्होंने रविवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया से समझौता हुआ है, यह हमारे लोकतंत्र के मूल ढांचे और संविधान की भावना पर हमला है।

गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर से पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर को 'अनियोजित, अराजक और खतरनाक' बताते हुए ममता बनर्जी ने कहा था कि जलपाईगुड़ी में एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित कई बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत के बाद स्थिति 'खतरनाक स्तर' पर पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पत्र में लिखा, 'पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान देखी जा रही गंभीर अनियमितताओं, प्रक्रियात्मक उल्लंघनों और प्रशासनिक खामियों के संबंध

में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करने के लिए मैं एक बार फिर आपको पत्र लिखने के लिए विवश हूं।' बनर्जी ने कहा कि मैं आपसे आग्रह करती हूं कि एसआईआर की इन खामियों को तुरंत ठीक करें या इस 'मनमानी, अनियोजित' प्रक्रिया को रोकें। अगर इसे अपने वर्तमान स्वरूप में जारी रहने दिया गया, तो एसआईआर से बहुत ज्यादा नुकसान होगा, और बड़ी संख्या में मतदाताओं के वोट देने का अधिकार छिन जाएगा। जो कि लोकतांत्रिक शासन के मूलभूत सिद्धांतों पर सीधा हमला होगा।

बनर्जी ने पत्र में आगे लिखा कि बंगाल में एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग की देखरेख में किए गए किसी भी अवैध कार्य के लिए आयोग को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मौजूदा एसआईआर बिहार और दूसरे राज्यों में अपनाई गई प्रक्रिया से बिल्कुल अलग ▶▶ शेष पेज 5 पर

देशभर के नागरिक बनेंगे भागीदार

## नागरिकों से चुनाव आयोग ने 10 जनवरी तक मांगे सुझाव




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिक भागीदारी बढ़ाने और चुनावी सेवाओं को और सरल व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से देशभर के नागरिकों से नई ईसीआईनेट ऐप को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। नागरिक 10 जनवरी तक सुझाव सबमिट करें। इसके लिए सभी नागरिकों से ईसीआई नेटऐप ऐप डाउनलोड करने और उसमें दिए गए 'सब्मिट सजेशन' टैब के जरिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन सुझावों के जरिए ऐप और प्लेटफॉर्म को और ज्यादा बेहतर बनाया जाएगा। इस पूरे अभियान का नेतृत्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं।

भाजपा ने उठाए सवाल

## राहुल की कांग्रेस के मुख्यमंत्री ही नहीं करते हैं पूछ- परख



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी को भारत के इतिहास में सबसे अधिक विदेश यात्रा करने वाला विपक्ष नेता बताकर उनका मजाक उड़ाया और कांग्रेस से पूछा कि उन्हें इतनी बार विदेश यात्रा का निमंत्रण कौन देता है, जबकि उनकी राज्य सरकारें भी अपने कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति की मांग शायद ही करती हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल अब वियतनाम की यात्रा कर रहे हैं। भारत-विरोधी ताकतों से जुड़ने और सरकार की आलोचना करने के लिए इस्तेमाल के बयानों से जोड़ा। दावा किया कि राहुल को पिछली विदेश यात्राओं की तरह ही कुछ भारत-विरोधी हस्तियों द्वारा आमंत्रित किया जाएगा।

## मनरेगा बचाओ संग्राम की निगरानी के लिए कांग्रेस ने बनाई समन्वय समिति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) की रक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत एक समन्वय समिति का गठन किया है। यह समिति योजना के कार्यान्वयन की निगरानी, मार्गदर्शन और समन्वय का कार्य करेगी। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर गठित इस समिति के संयोजक



(कन्वीनर) वरिष्ठ नेता अजय माकन होंगे। समिति में जयराम रमेश, संदीप दीक्षित, डॉ. उदित राज, प्रियंक खड़गे, डी. अनसूया सीथक्का, दिपिका पांडे सिंह, डॉ. सुनील पंवार और मनीष शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

इसके अलावा कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुख, तथा एआईसीसी के ओबीसी, एससी, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस विभागों और किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भी इस समन्वय समिति के सदस्य होंगे।

कांग्रेस का कहना है कि यह समिति मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगी और ग्रामीण रोजगार, मजदूरी भुगतान तथा अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक समन्वय के साथ काम करेगी।

सूबे के सीएम विष्णु देव साय ने दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में पत्रकारों को किया संबोधित

## छत्तीसगढ़ अब नक्सल नहीं, विकास की पहचान : साय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान लंबे समय तक नक्सल प्रभावित राज्य के रूप में रही है, लेकिन अब प्रदेश निर्णायक रूप से विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को प्रदेश में भाजपा सरकार के सफलतम दो वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अंतर्गत अधिकांश



वादों को धरातल पर उतारा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय देश का लगभग 70 प्रतिशत नक्सल प्रभावित क्षेत्र छत्तीसगढ़ में था और उस दौरान राज्य सरकार की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा था। लेकिन भाजपा सरकार के गठन के बाद नक्सलवाद के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई की गई है। आज नक्सलवाद अपने अंतिम चरण की ओर है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे की समय सीमा तय की है, जिसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आईसीएआर द्वारा विकसित 25 फसलों की 184 नई किस्में राष्ट्र को समर्पित की**

भारत में 7,205 फसल किस्मों को अधिसूचित किया गया है

## रिसर्च तभी सार्थक है जब उसका फायदा समय पर खेतों तक पहुंचे: शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित ए.पी. शिंदे ऑडिटोरियम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 फील्ड फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि भारत एक खाद्य-कमी वाले देश से वैश्विक खाद्य प्रदाता वाले देश में बदल गया है जो कृषि विकास एवं खाद्य सुरक्षा में एक ऐतिहासिक रूप से मील



का पत्थर साबित हुआ है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने चावल के उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत का चावल उत्पादन 150.18 मिलियन टन तक पहुंच गया है जबकि चीन का उत्पादन 145.28 मिलियन टन है, जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। साथ ही दुनिया के खाद्य आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका भी मजबूत हुई है।

कृषि मंत्रालय के अनुसार 1969 में किस्मों की अधिसूचना शुरू होने के बाद से, 57 सालों में 7,205 फसल किस्मों को अधिसूचित किया गया है। इनमें से, 3,236 किस्में अकेले पिछले 11-12 सालों में अधिसूचित की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## व्यक्तिगत टीका टिप्पणी पर शिक्षा मंत्री से माफी मांगें आप नेता : सचदेवा

■ बिना सबूतों के सूद पर व्यक्ति आरोप लगा रहे हैं आप नेता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं द्वारा दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर की जा रही व्यक्तिगत टीका टिप्पणी की दिल्ली की जनता एवं दिल्ली भाजपा निंदा करते हैं और चुनौती देते हैं कि या तो आप नेता कोई सर्कुलर दिखाएं जिसमें शिक्षकों की कुत्ते गिनने की ड्यूटी लगाई गई हो या फिर शिक्षा मंत्री आशीष सूद से माफी मांगें। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आप नेताओं पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के नेताओं के बार बार बदलते रंग देखकर स्तब्ध है।

सचदेवा ने कहा है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल एवं सौरभ भारद्वाज सहित अन्य आप नेताओं ने दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर पहला अटैक यह कह कर किया कि उनके विभाग ने सर्कुलर जारी कर शिक्षकों को कुत्ते गिनने की ड्यूटी पर लगाया है पर जब मंत्री एवं स्वयं मैंने शिक्षा विभाग के सर्कुलर को मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक करके "आप के झूठ" की पोल खोल दी तो अब "आप" नेता मंत्री आशीष सूद पर व्यक्तिगत टीका टिप्पणी करने पर उतर आये हैं।

# शाहदरा में बुजुर्ग दंपति की हत्या, लूटपाट का संदेह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में रविवार को बुजुर्ग दंपति की उनके घर में हत्या कर दी गई। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के पीछे लूटपाट का मकसद हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दंपति के बेटे ने रात लगभग साढ़े 12 पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर फोन कर बताया कि उनके माता-पिता राम नगर एक्सटेंशन स्थित घर में अचेत अवस्था में पड़े हैं। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने एक बयान में कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोन करने वाले वैभव बंसल ने बताया कि उनके माता-पिता की मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने घर की तीसरी मंजिल पर दो अलग-अलग कमरों में दंपति के शव बरामद किए। मृतकों की पहचान वीरेंद्र कुमार बंसल (75) और उनकी पत्नी परवेश बंसल (65) के रूप में हुई। वीरेंद्र कुमार बंसल एक सेवानिवृत्त शिक्षक थे।





पुलिस ने बताया कि वीरेंद्र कुमार बंसल के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उन पर हमला किया गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि प्रथम दृष्टया लूटपाट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और हर पहलू से जांच की जा रही है। घटनास्थल पर अपराध टीम और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया।

पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। उन्होंने कहा कि मौत के कारण और चोटों की प्रकृति का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि साथ ही इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## जहांगीरपुरी में दो युवकों पर चाकू से कई बार किया हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में चार लोगों ने कथित तौर पर कई बार चाकू से वार करके 18 वर्षीय दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जहांगीरपुरी पुलिस थाने को दोपहर करीब 2.55 बजे पीसीआर पर जानकारी प्राप्त हुई, जिसमें जहांगीरपुरी के 'के' ब्लॉक के पास चाकूबाजी की घटना की सूचना दी गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹मौके पर पहुंचने पर पुलिस को अंशु और विमल नाम के दो घायल व्यक्ति मिले, दोनों की उम्र 18 वर्ष थी। अंशु के दाहिने हाथ पर चाकू से वार किए गए थे, जबकि विमल को कई जगह चाकू के घाव लगे थे। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई और बाद में आगे के इलाज के लिए लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती कराया गया।₹ पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हमला 'के' ब्लॉक में चार लोगों द्वारा बिना किसी उकसावे के किया गया था। पूछताछ के दौरान घायलों ने पुलिस को बताया कि हमलावर उनके पास आए और पूछा कि क्या वे साहिल नाम के किसी व्यक्ति को जानते हैं। जब पीड़ितों ने 'नहीं' में जवाब दिया, तो आरोपियों ने आगे पूछा कि क्या वे 'के' ब्लॉक के निवासी हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ ही देर बाद, हमलावरों ने कथित तौर पर धारदार हथियार निकाले और दोनों पर वार करके उन्हें घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि अंशु का बयान तब दर्ज किया गया जब उसे बयान देने के लिए स्वस्थ घोषित किया गया। उसकी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान और उन्हें ढूंढने के लिए कई टीम गठित की गई हैं और हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आगे की जांच जारी है।

## नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर एक करोड़ रुपये की चरस बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 11 किलोग्राम चरस बरामद की है। एक अधिकारी ने रविवार को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी अमर कॉलोनी इलाके में प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति में शामिल एक मादक पदार्थ तस्कर की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के आधार पर की गई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने एक बयान में कहा कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने एक जनवरी को इलाके में जाल बिछाया। शाम को लगभग 6.50 बजे, मुखबिर ने संदिग्ध की पहचान की और उसे बैग ले जाते हुए रोका। तलाशी लेने पर बैग के अंदर पॉलीथिन के कई पैकेट में मादक पदार्थ मिला। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ का वजन लगभग 11 किलोग्राम है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान नेपाल के रोल्पा जिला निवासी महेश (46) के रूप में हुई है जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए मामले की जांच जारी है।

## पांच सितारा होटल की 12वीं मंजिल से कूदकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में रविवार को 50 वर्षीय व्यक्ति ने एक पांच सितारा होटल की 12वीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लाजपत नगर निवासी परविंदर सिंह जुनेजा के रूप में हुई है। उसने बताया कि सिंह होटल में आया और लिफ्ट से 12वीं मंजिल पर गया, जहां एक रेस्तरां स्थित है। पुलिस के अनुसार, इसके बाद उसने इमारत से छलांग लगा दी। उसने बताया कि पुलिस को रविवार दोपहर करीब 12 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद कई टीम मौके पर पहुंचीं और कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जुनेजा क्रिसमस के दौरान होटल में ठहरे थे और बाद में चले गए थे। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच जारी है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी थे एक महान नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों का सामना किया और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार कार्य किया। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। वाजपेयी ने अपने करियर की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में की और बाद में राजनीति में शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के अंतर्गत रविवार को रोहिणी विधानसभा में "अटल स्मृति सम्मेलन" के आयोजन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यह संबोधन दिया। साथ ही स्थानीय विधायक एवं दिल्ली विधानसभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने सम्मेलन को सम्बोधित किया। उत्तर पश्चिम जिला भाजपा अध्यक्ष विनोद सहरावत, जिला प्रभारी महक सिंह, सह प्रभारी पूनम चौहान पूर्व विधायक जय भगवान अग्रवाल, निगम ने नेता सदन व पार्षद प्रवेश वाही, पार्षद रितु गोयल एवं स्मिता कौशिक और स्थानीय मंडल अध्यक्षों सहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित हुए। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के सानिध्य में काम करने के कई अनुभव साझा करते हुए कहा कि अटल और उनका प्रधानमंत्री बनने से पूर्व 45 वर्ष का देश सेवा का संघर्ष भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमेशा रहेगा।



■ रोहिणी विधानसभा के अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

## हर एमसीडी ज़ोन में आयोजित होगी 'पहला एमसीडी वीरता कप' प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले वेस्ट जोन में खेले जाएंगे

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के हर जोन में ' पहला एमसीडी वीरता कप 2025' प्रतियोगिता के नाम से आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 19 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक होगी और इसके सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले वेस्ट जोन के खाटू श्याम स्टेडियम में खेले जाएंगे। दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में दिल्ली नगर निगम के सभी प्राथमिक विद्यालय भाग लेंगे। प्रतियोगिता में लड़कों एवं लड़कियों की अलग-अलग टीमें बनाई जाएंगी, ताकि सभी विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। विभिन्न ज़ोन की टीमें आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिससे बच्चों में टीम भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल कौशल का विकास होगा। योगेश वर्मा ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वीर साहिबज़ादों की शहादत को स्मरण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना, बच्चों के भीतर खेल के प्रति रुचि एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना, तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "खेलो इंडिया" अभियान को और अधिक गति प्रदान करना है।

## मनरेगा में बदलाव कर मजदूर और गरीब वर्ग के साथ धोखा देने की तैयारी कर रही सरकारः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर 'विकसित भारत गरीब कल्याण रोजगार अभियान' करने के फैसले को 'गरीब मजदूरों के साथ धोखा' करार दिया है। पिछले सप्ताह कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने 5 जनवरी 2026 से राष्ट्रव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू करने का फैसला लिया गया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि यह बदलाव महात्मा गांधी की विरासत को मिटाने की साजिश है, जो यूपीए सरकार की 2005 की योजना को कमजोर करेगा। क्योंकि इस योजना के बजट खर्च को अब 60% केंद्र और 40% राज्यों के हिस्से कर दिया गया है, जबकि कई राज्य सरकार खुद हजारों करोड़ के घाटे से चल रही हैं तो वह राज्य इस योजना को बजटखन से देंगे? इसी मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी सरकार कि मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां मनरेगा योजना से गांधी जी का नाम हटाना राजनीतिक प्रतिशोध है, वहीं योजना के अंदरूनी बदलाव जैसे आधार-लिंक्ड भुगतान, मोबाइल ऐप रजिस्ट्रेशन और केंद्रीकरण से करोड़ों मजदूरों को बाहर कर दिया जाएगा।



आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि यह मजदूर और गरीब वर्ग के साथ धोखा है, योजना की मूल भावना नष्ट करने का प्रयास, पहले 100 दिन काम की गारंटी हुआ करती थी अब सरकार काम के दिन 125 तो बढ़ा रही है लेकिन यह नहीं बता रही कि 2024-25 में जहां 100 दिन का काम मिलना चाहिए था वहां मात्र 44 दिन ही काम मिला। पहले 279 रुपए प्रतिदिन रुपए के हिसाब से दिहाड़ी भत्ता मिलता था। लेकिन अब दिहाड़ी भत्ता कितना मिलेगा इसका कोई जिक्र नहीं। 2021 में जो खर्च बजट 111,170 करोड़ (एक लाख ग्यारह हजार एक सौ सत्तर करोड़) रुपए था वो 2025 - 26 में घटकर मात्र 86,000 करोड़ रुपए ही रह गया, यानि सीधा सीधा 26,000 करोड़ कम हो गया। इससे साफ हो जाता है कि सरकार की मंशा क्या है। अगर इसी कुल बजट को बजट प्रतिशत के हिसाब से देखा जाए तो 2020 - 21 के कुल बजट में 3.23% मनरेगा को दिया गया वही बजट 2025- 26 में घटकर मात्र 1.70% ही रह गया। आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो पिछले वर्ष 2024-25 में वर्क डिमांड 2.1% बढ़ी है जबकि सरकार ने बजट में कटौती की है।

## भाजपा की मानसिकता गरीब और झुग्गी विरोधी मंत्री आशीष सूद सार्वजनिक माफी मांगेंः डॉ. नरेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने रेखा सरकार में मंत्री आशीष सूद से मांग की है वह अपने दिए एक बयान पर तुरंत बिना किसी शर्त माफी मांगे। डॉ. नरेश ने कहा कि भाजपा की मानसिकता गरीब और झुग्गी विरोधी होने का प्रमाण है मंत्री आशीष सूद का खुले आम आपत्तिजनक बयान देना। उन्होंने कहा कि मंत्री आशीष सूद ने विपक्षी दलों के नेताओं व प्रवक्ताओं को लेकर कहा था कि आज कुछ नेता ऐसे हैं जो कभी झुग्गियों में रहते थे। अब वो खुद को राष्ट्रीय प्रवक्ता या वरिष्ठ नेता कहलाने लगे हैं। एक मंत्री का यह बयान भाजपा की गरीब विरोधी और झुग्गियों में रहने वाले लोगों के प्रति नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने मांग की कि मंत्री आशीष सूद अपने इस बयान पर खुले तौर पर सार्वजनिक माफी मांगें। केवल यह कहना कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया कतई पर्याप्त नहीं है। मंत्री को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट और बिना शर्त माफी अवश्य मांगनी चाहिए। मंत्री की टिप्पणी इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के नेता किस कदर अहंकार में डूबे हुए हैं। जब भाजपा को वोट चाहिए होते हैं तो वह झुग्गियों में जाकर रात बिताने का दिखावा करती है। करीब 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भाजपा को दिल्ली में सत्ता मिली है। यदि उसकी मानसिकता गरीब, किसान, मजदूर और झुग्गी विरोधी ही रही, तो जनता का फैसला भी वैसा ही होगा और अगले 27 वर्षों तक भी उसकी सरकार दोबारा नहीं आएगी।

# एमसीडी शिक्षकों के प्रोबेशन में देरी से शिक्षक परेशान

■ दो साल से अधिक समय तक प्रोबेशन लंबित, इंक्रीमेंट पर भी असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों ने प्रोबेशन अवधि को लेकर गंभीर नाराज़गी जताई है। शिक्षकों का कहना है कि प्रोबेशन क्लियर होने में दो साल से भी अधिक समय लग रहा है, जबकि नियमानुसार इसे दो वर्ष में पूरा हो जाना चाहिए। शिक्षकों के अनुसार, जब तक प्रोबेशन क्लियर नहीं होता, तब तक वार्षिक इंक्रीमेंट नहीं मिलता, जिससे उनका पूरा भुगतान एरियर में चला जाता है। बाद में यह एरियर मिलने में कई साल लग जाते हैं, जिससे शिक्षकों को लगातार आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, इस संबंध में शिक्षा समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इस दिशा में कार्य जारी है और जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।



### फाइलें लंबित, अब तक कोई स्टेटस नहीं

शिक्षकों का आरोप है कि नरेला जोन से संबंधित प्रोबेशन की फाइल जुलाई-अगस्त माह में आगे भेजी गई थी, लेकिन अब तक फाइल की स्थिति स्पष्ट नहीं है। नरेला जोन कार्यालय में भी इसका कोई ठोस स्टेटस उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नरेला जोन के शिक्षा विभाग में क्लर्क नहीं होने के चलते प्रोबेशन की फाईलें लंबित हैं।

### एमसीडी प्रशासन से समयबद्ध कार्रवाई की मांग

शिक्षकों ने एमसीडी प्रशासन से मांग की है कि प्रोबेशन प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि उन्हें समय पर इंक्रीमेंट का लाभ मिल सके और वर्षों तक एरियर के इंतजार से निजात मिले। शिक्षकों का कहना है कि इस देरी से न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है।

## निगम बजट पर स्थायी समिति की बजट आज और कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अहम बैठक आज 5 जनवरी (सोमवार) और कल 6 जनवरी 2026 को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नगर निगम के आगामी बजट पर विस्तृत चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, सफाई व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट बैठक से नगर निगम की आगामी नीतियों और प्राथमिकताओं की दिशा स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### आम आदमी का बिगाड़ा जा रहा है घरेलू बजट

# सावधान : कहीं आपके घरेलू सिलेंडर पर ओवरराइटिंग तो नहीं

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

रोजमर्रा की रसोई में इस्तेमाल होने वाला एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर कहीं आपकी जेब भी तो हल्की नहीं कर रहा है, यह बात सुनने में भले अजीब लगे, लेकिन हकीकत में आपके साथ भी ऐसा हो सकता है यदि आपने गैस सिलेंडर लेते समय सावधानी नहीं बरती। हाल ही में सामने आए एक मामले ने उजागर किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के वजन में ओवरराइटिंग कर उपभोक्ताओं के साथ सीधा धोखा किया जा रहा है। एक गैस उपभोक्ता ने बताया कि जब वह खाली सिलेंडर बदलने पहुंचे, तभी उनकी नज़र सिलेंडर पर लिखे वजन पर गई। ग़ौर से देखने पर उन्हें कुछ संदिग्ध लगा। सफाई करने पर असलियत सामने आई। सिलेंडर पर असली 'टेयर वेट' (खाली सिलेंडर का वजन) 17 किलोग्राम स्टैम्प था, लेकिन उसे अस्थायी पेंट से 18 किलो कर दिया गया था। जिसका अर्थ हुआ कि करीब किग्रा गैस की चोरी की गई और वजन करते समय आपको पता भी नहीं चला। दिल्ली और देश की बात की जाए तो लाखों घरों में हर महीने करोड़ों सिलेंडर बदलते हैं। यदि हर सिलेंडर पर सिर्फ 1 किलो गैस भी कम दी जाए तो यह बड़े स्तर पर भारी आर्थिक धोखा बन जाता है। उपभोक्ता कभी टेयर वजन चेक नहीं करते, इसलिए यह हेराफेरी आसानी से पकड़ी नहीं जाती।






### कैसे होता है उपभोक्ताओं को नुकसान, ध्यान से समझे

जानकारी के अनुसार एलपीजी गैस सिलेंडर पर तीन वजन लिखे होते हैं जिसमें पहला, टेयर वेट (खाली सिलेंडर का वजन)। दूसरा, नेट वेट (गैस का वास्तविक वजन - 14.2 किलोग्राम) और तीसरा ग्रोस वेट (दोनों वजन का कुल योग)। मानक रूप से खाली सिलेंडर का वजन लगभग 15.5 किग्रा होता है, गैस का वजन करीब 14.2 किग्रा, कुल वजन करीब 29.7 किग्रा होना चाहिए लेकिन यदि खाली सिलेंडर का वजन ही 2-3 किलो अधिक दिखा दिया जाए, तो सिलेंडर देने वाली कंपनी आपको कम गैस देकर भी पूरा पैसा वसूल लेती है। उपभोक्ता को पता ही नहीं चलता कि उनके सिलेंडर का कुल वजन सही है या नहीं।

### सरकार और एजेंसियों को कार्रवाई क्यों करनी चाहिए?

जागरूक उपभोक्ताओं का कहना है कि यह जनता के साथ सीधा धोखा है। गैस एजेंसी के कुछ कर्मचारियों और कुछ सप्लायरों की मिलीभगत के ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। सरकार को चाहिए कि हर सिलेंडर की हैंड-हेल्ड मशीन से तौल अनिवार्य की जाए। टेयर वेट में छेड़छाड़ पर कड़े दंड दिए जाएं। उपभोक्ताओं को मौके पर ही वजन जांचने का अधिकार दिया जाए और यह नहीं कहा जाए कि उनके पास वजन जांचने की मशीन नहीं है।

### ऐसे में क्या करें उपभोक्ता

सिलेंडर लेने से पहले टेयर वजन ज़रूर मिलान करें। यदि सिलेंडर पर ओवरराइटिंग मिले तो तुरंत एजेंसी को शिकायत करें, डिलीवरी ब्वॉय से मौके पर ही सिलेंडर तौलने की मांग करें। घरेलू गैस आम आदमी की मूल जरूरत है। ऐसे में वजन में हेराफेरी कर जनता को ठगा जाना एक गंभीर अपराध है। यह मामला सिर्फ एक उपभोक्ता का नहीं है।

# कौन होगा दिल्ली का अगला निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार के जम्मू-कश्मीर स्थानांतरण के बाद राजधानी के प्रशासनिक गलियारों में अगले निगमायुक्त को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं कि अगला निगमायुक्त कौन होगा। निगम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष डी. वैद्य और संदीप खैरवार इस अहम नागरिक पद के लिए सबसे आगे माने जा रहे हैं। बता दें कि रविवार को गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एजीएमयूटी कैडर के कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को दिल्ली से जम्मू-कश्मीर स्थानांतरित किया गया है। वहीं, संतोष डी. वैद्य का जम्मू-कश्मीर से दिल्ली तबादला किया गया है। संजीव खिरवार लद्दाख से वापस दिल्ली भेजे गए हैं। औपचारिक नियुक्ति की अधिसूचना जारी होने तक एमसीडी आयुक्त का पद रिक्त बना हुआ है और सरकार से आने वाले दिनों में इस पर निर्णय लिए जाने की संभावना है।



■ निगमायुक्त को लेकर चर्चाएं तेज

## न्यूनतम तापमान राजघाट में 10 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# राजधानी में चल रही सर्द हवाएं ठंड और प्रदूषण कर रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में इन दिनों बेशक शीत लहर की घोषणा नहीं हुई है बावजूद इसके ठंडी हवाएं परेशान कर रही है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली के अनुसार (आईएमडी) वीकेंड पर न्यूनतम पारा लुढ़ककर 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं अधिकतम तापमान भी लुढ़ककर 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे है। सुबह के समय अधिकांश क्षेत्रों में कोहरे से राहत दिखाई।

दिन के आसमान में बादल देखे गए लेकिन अब भी दिल्ली में बारिश का इंतजार बना हुआ है। दिल्ली में सबसे कम न्यूनतम तापमान पालम में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं सबसे अधिक न्यूनतम तापमान राजघाट में 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यानी अधिकांश दिल्ली में न्यूनतम तापमान



सिंगल डिजिट में ही दर्ज हुआ। आईएमडी ने ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए कहा कि सोमवार को आसमान साफ रहेगा और कुछ क्षेत्रों में हल्का कोहरा दिखाई दे सकता है। जबकि तापमान वीकेंड की तरह ही बना रह सकता है। वहीं मंगलवार से अगले तीन दिनों तक दिल्ली के मौसम में कोइर बहुत बढ़ा उल्ट फेर देखने को शायद ही मिले। आईएमडी की मानें तो अभी दिल्ली में कोहरे से राहत मिलती रहेगी।

### बेहद खराब श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

नई दिल्ली। दो दिन राहत मिलने के बाद दिल्ली की हवा एक बार फिर से जहरीली होने लगी है। वीकेंड रविवार के दिन राजधानी की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज हुई। कई निगरानी सेंटरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के बेहद करीब दर्ज हुआ, जो स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक साबित हो सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 307 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। वहीं शनिवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 267 रहा था। सीपीसीबी वहीं समीर ऐप के अनुसार शाम चार बजे सबसे अधिक जहांगीरपुरी में 367 एक्यूआई दर्ज हुआ जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। जबकि दूसरे नंबर पर चांदनी चौक में 364 व रोहिणी 364, , शादीपुर 359, आनंद विहार में 358, इहबास दिलशाद गार्डन में 353, वजीरपुर 351, डीटीयू 345, नरेला 344, विवेक विहार 344, सिरी फोर्ट 342, अशोक विहार 341, सोनिया विहार 337, मुंडका 336, अलीपुर 332, बवाना 301, द्वारका सेक्टर-8 में 317, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 317, आईटीओ 315, आर के पुरम 326, 332 पूसा, पंजाबी बाग 330, पटपटगंज 324, ओखला फेज एक में 328,नॉर्थ कैम्पस 301, नेहरू नगर 348 आदि में हवा बेहद खराब दर्ज हुई। जबकि कई क्षेत्रों में एक्यूआई 300 से नीचे यानी खराब श्रेणी में हवा दर्ज हुई। इससे पहले 1-2 जनवरी को हालात कुछ सुधरे थे। एक्यूआई में लगातार गिरावट के चलते सरकार ने दिल्ली में लगे ग्रेप 4 व 3 को हटाते हुए लोगों को बड़ी राहत दी थी। लेकिन अब शनिवार से एक बार फिर हवा जहरीली होती जा रही है, जो दर्शाता है की कहीं एक बार फिर सरकार ग्रेप तीन को लागू न कर दे।

## वैज्ञानिक व नियोजित तरीके से चल रहा यमुना सफाई अभियान : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने आईटीओ छठ घाट पर यमुना क्लीनअप ड्राइव का किया निरीक्षण

यमुना की स्वच्छता अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। मां यमुना हमारी आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत जीवनधारा हैं। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ के पास यमुना नदी के छठ घाट पर आयोजित यमुना नदी क्लीनअप ड्राइव का निरीक्षण के दौरान कही।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आईटीओ के पास यमुना नदी के छठ घाट पर आयोजित यमुना नदी क्लीनअप ड्राइव का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति यूथ फाउंडेशन ने किया। मुख्यमंत्री ने उसके स्वयंसेवकों की सराहना की और अभियान में शामिल नागरिकों, युवाओं व यमुना टास्क फोर्स (137 सीईटीएफ बटालियन टेरिटोरियल आर्मी) के जवानों की सक्रिय सहभागिता को प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार के दिन भी इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्वेच्छा से यमुना स्वच्छता अभियान में जुटना यह दर्शाता है कि अब यमुना की स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी किसी भी सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत जीवनधारा हैं। यमुना मैया को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हम सभी की सामूहिक नैतिक ज़िम्मेदारी है।

## दिल्ली कांग्रेस ने महिला सुरक्षा को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली में महिला सुरक्षा, लगातार बढ़ती अपराधिक घटनाओं एवं बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर भलस्वा डेयरी में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कानून व्यवस्था को सही करने को लेकर बेनर पकड़ रखे थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली में महिलाओं, नाबालिग बेटियों के साथ दर्दनाक घटनाएं, बलात्कार, छेड़खानी और झपटमारी जैसे मामले बढ़ने से समाज में भय का माहौल पनप रहा है।

जबकि पुलिस अधिकांश मामलों पर लीपा पोती करके पीड़ितों की आवाज दबाने का कार्य कर रही है। राजधानी में ऐसा लगता है जैसे कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। यादव ने कहा कि आज का प्रदर्शन श्रद्धानंद कॉलोनी भलस्वा डेयरी क्षेत्र में एक पुजारी को 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ गंभीर अपराध करने के विरोध में गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह कैसा तानाशाही शासन है जिसमें कोर्ट के आदेश के बाद और परिवार के दबाव पर पुलिस नाबालिग के साथ अपराध करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करती है, लेकिन गिरफ्तार नहीं करती। उन्होंने कहा कि इस घटना व पुलिस की कार्यशैली से नाराज स्थानीय लोगों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया है। श्रद्धानंद कॉलोनी का नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना गंभीर और बेहद चिंताजनक है, जिसने समाज के प्रत्येक नागरिक को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस कुकृत्य से धर्म, आस्था और विश्वास के नाम असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिलेगा। भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला पोस्को एक्ट के कड़े कानून के अंतर्गत आता है।

### डीपीसीसी अध्यक्ष ने ब्लाक कमेटी को दिए निर्देश, रैन बसेरों व जरूरतमंदों को बांटे कंबल

नई दिल्ली। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए है कि वह जरूरतमंदों को कंबल बांटे, अपने क्षेत्रों में पौधारोपण करें। यादव ने यह निर्देश ब्लॉक कमेटियों की मासिक बैठकों के दौरान दिए। इस बारे में यादव ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठकों में इस बार मुख्य मुद्दा गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल बांटने व प्रदूषण को देखते हुए पौधारोपण रहा। उन्होंने कहा कि सभी 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को निर्देश दिए गए है कि वह अपने अपने क्षेत्र में 25-25 कंबल अवश्य बांटे। वहीं कमेटियों को कहा गया है कि स्थानीय आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, जेजे क्लस्टर में पौधारोपण करें तथा क्षेत्र के लेबर चौक पर दिहाड़ी मजदूरों की सूची तैयार करें। उन्होंने हम राजनीतिक पार्टी में होते हुए भी जन कल्याण के कार्यों में हमेशा अपनी रचनात्मक भूमिका निभाते हैं। मौजूदा समय में राजधानी प्रदूषण के मामले में विश्व में नम्बर वन है। प्रदूषण नियंत्रण पर सरकार की नाकामी सबके सामने है।

## दिल्ली सरकार ने इंसानों में होने वाले रेबीज को नोटिफाएबल डिजीज किया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी में इंसानों में होने वाले रेबीज को महामारी रोग अधिनियम के तहत नोटिफाएबल डिजीज घोषित करने का निर्णय लिया है। इस बाबत जल्द ही सरकार अधिसूचना जारी करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने रविवार को दी है। डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस



अधिसूचना का मकसद बीमारी की प्रभावी निगरानी को और मजबूत करना, रेबीज के मामलों की समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना और रेबीज को फैलने से रोकने के लिए तेज गति से पब्लिक हेल्थ एक्शन को बेहद सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने पर सभी सरकारी और प्राइवेट हेल्थ केयर संस्थानों, जिनमें मेडिकल कॉलेज और व्यक्तिगत रूप से प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर भी शामिल हैं, उन्हें इंसानों में रेबीज के संदिग्ध के साथ ही संभावित और कन्फर्म मामलों की सूचना तुरंत संबंधित हेल्थ अथॉरिटीज को देनी जरूरी होगी।

# दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

## प्रदूषण सहित कई मुद्दों पर आमने-सामने होगा सत्तापक्ष और विपक्ष

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। इस शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार हो सकती है। क्योंकि विपक्ष दल आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्तापक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रदूषण समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाई है।

हालांकि सत्तापक्ष ने विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए प्रदूषण मामले सहित दो और प्रस्ताव सदन पटल पर रखेगी और उन पर सदन में खुली चर्चा कराएगी। जानकारी के अनुसार इस सत्र में सरकार की ओर से दो-तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव सदन में आ रहे हैं। इसमें सबसे अहम मुद्दा पर्यावरण और प्रदूषण पर दिल्ली सरकार एक प्रस्ताव लेकर आ रही है। इसके साथ ही वैज्ञानिकों की दिल्ली के



पर्यावरण पर क्या रिपोर्ट है, सरकारों की क्या जिम्मेदारियां रही हैं, पिछले 20 वर्षों और वर्तमान स्थिति का पूरा लेखा-जोखा दिल्ली विधानसभा में रखा जाएगा। सदन में यह भी चर्चा की जाएगी कि कहां-कहां कमियां रहे गईं और आगे प्रदूषण को कैसे दूर किया जा सकता है। वहीं दिल्ली विधानसभा में सभी जांच रिपोर्ट रखी जाएंगी। साथ ही 'शीश महल' पर सीएजी की रिपोर्ट आगामी विधानसभा सत्र में दिल्ली की जनता के सामने रखी जाएगी। सीएजी ने 'शीश महल' को लेकर जो भी रिपोर्ट दी है, उसे पूरी तरह सार्वजनिक किया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली के सीवर और पानी की व्यवस्था कैसे पूरी तरह से खराब हुई, दिल्ली जल बोर्ड में हुए भ्रष्टाचार पर 2022 तक की सीएजी की विस्तृत रिपोर्ट भी विधानसभा के पटल पर रखी जाएगी और दिल्ली विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षा से जुड़ी अनियमितताओं से संबंधित रिपोर्टें शामिल हैं जो विधानसभा में रखी जाएंगी।

### एलजी अभिभाषण से होगी सत्र की शुरुआत

दिल्ली विधानसभा के चार दिवसीय शीतकालीन सत्र की शुरुआत आज सोमवार से दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से होगी। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार को सुबह 11 बजे सदन में सबसे पहले राष्ट्रगान होगा उसके बाद 11 बजकर 2 मिनट पर उपराज्यपाल वी के सक्सेना अपना अभिभाषण शुरू करेंगे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के 30 मिनट बाद सदन की कार्यवाही शुरू होगी।

### स्पीकर ने तैयारियों का किया निरीक्षण

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के एक दिन पहले रविवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा सचिवालय एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विधानसभा सदन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुप्ता ने सदन की व्यवस्थाओं, माननीय सदस्यों के लिए बैठक एवं डेस्क व्यवस्था, डिजिटल अवसंरचना तथा सदन के सुचारू संचालन से संबंधित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की।

### बारिश के दौरान तीन चार फीट पानी हो जाता है जमा

# बकौली गांव में स्वच्छ भारत अभियान की खुली पोल गलियों में गंदा पानी और नजर आए कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के बकौली गांव में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। गांव के प्रवेश द्वार पर स्वागत बोर्ड लगे हैं, लेकिन उन्हीं के पास कूड़े के ढेर और गंदगी साफ दिखाई देती है। स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च होने के दावों के बीच जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ग्रामीण जय सिंह ने बताया कि मुख्य सड़क को करीब चार से पांच फुट ऊंचा उठाए जाने के बाद गांव का सारा गंदा पानी गलियों में भर जाता है, जिसकी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

दुर्गा मंदिर के पास पाल गली, हरिजन बस्ती, एमसीडी पार्क, बाल्मिकी बस्ती में बारिश के दौरान तीन चार फीट पानी जमा हो जाता है और जब भी सरकार से शिकायत की जाती है तो लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम के अधिकारी एक दूसरे पर समस्या के समाधान को टाल देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव से पहले प्रत्याशी वादे करते हैं लेकिन जनप्रतिनिधि बनने के बाद शिकायतों को देखने भी नहीं आते हैं।





साज़ि ही लोगों ने बताया कि गांव में नालियों की नियमित और गहराई से सफाई नहीं होने के चलते लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए ईंटें रखकर आने-जाने का रास्ता बनाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों नालियों का पानी गलियों में भरा रहता है। और बारिश के दौरान कई गलियां तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। हालात ऐसे हैं कि स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर स्कूल जाना पड़ता है और आए दिन लोग फिसलकर गिर जाते हैं। ग्रामीणों ने दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनआक्रोश और बढ़ेगा।

बकौली गांव की जनता मांग कर रही है कि जल निकासी, सफाई व्यवस्था और सड़कों की स्थिति को तत्काल सुधारा जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से राहत मिल सके।

## दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध करा रही सरकार : इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ब्रेल डे एवं ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर रविवार को समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी स्थित ब्रेल भवन और सेवा कुटीर किंग्सवे कैम्प स्थित कॉलेज जाने वाले दृष्टिबाधित छात्रों के लिए बने हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

इस दौरान इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार दिव्यांगों के लिए वित्तीय सहायता, हॉस्टल और सहायक उपकरण उपलब्ध करा रही है। मंत्री इंद्राज ने दृष्टिहीन बच्चों और छात्रों की अद्भुत प्रतिभा, आत्मविश्वास और संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की उड़ान उसकी शारीरिक कमी नहीं, बल्कि उसका जज़्बा और सोच तय करती है। मंत्री इंद्राज ने बच्चों की मंच पर प्रस्तुतियां देखकर कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियां यह सिद्ध करती हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद समर्पण और अभ्यास से असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। वहीं मंत्री इंद्राज ने सेवा कुटीर, किंग्सवे कैंप में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 'विकलांग' से 'दिव्यांग' की सोच को नीतियों में साकार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

**खबर संक्षेप**

## किशोरी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** बजघेड़ा थाना एरिया के न्यू पालम विहार फेज-2 में शनिवार को एक किशोरी ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। जानकारी अनुसार, बिहार के मुज्जफरपुर निवासी सितारा (16) वह न्यू पालम विहार फेज-2 में परिवार के साथ रह रही थी। शनिवार की दोपहर को सितारा ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस को निरीक्षण के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार वालों के अनुसार किशोरी पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थी। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।



## बोलेरो ने मासूम को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया के गढ़ी गांव मैं बोलेरो ने तीन साल के मासूम को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की ही दर्दनाक मौत हो गई। बोलेरो को बच्चों का चाचा ही चल रहा था, जिसके चलते पुलिस में शिकायत नहीं दीं जा सकी है।



जानकारी अनुसार असम मूल के इस्लाम ने बताया कि वह परिवार सहित करीब तीन माह पहले ही गुरुग्राम आया था। वे गढ़ी गांव के खेतों में बनी झुग्गियों में रह रहे हैं और कबाड़ का काम करते हैं। शनिवार की दोपहर को उसका बेटा आशिक इस्लाम झुग्गियों के पास खेल रहा था तो उसका चाचा बोलेरो गाड़ी को लेकर जाने लगा। इसी दौरान गाड़ी के आगे नील गाय आ गई। जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और तीन साल का आशिक इस्लाम गाड़ी की चपेट में आ गया। घायल बच्चे को तुरंत पास के निजी अस्पताल ले जाया गया।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर पुराने शहर में निकला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



**कई अन्य स्थानों पर हुए कार्यक्रम**

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 360वें पावन प्रकाशोत्सव के अवसर पर जहां पुराने शहर में नगर कीर्तन निकाला गया, वहीं राजनीतिक दलों के लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिमरन सभा, भूड़ भारत नगर, गाजियाबाद की प्रबंधक कमेटी ने श्रद्धापूर्ण धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

नगर कीर्तन बजरिया स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से शुरू हुआ। बगुरुद्वारे से चलकर घंटाघर फिर दिल्ली गेट फिर हापुर रोड गुरूद्वारा आगे चलते हुए पुराने बस अड्डे के सामने संतोष मेडिकल के सामने निकलते हुए कालका गढ़ी चौराहा मालीवाड़ा चौराहा-फिर चौधरी मोड़ से पहले आशीर्वाद बैंकाटोल के बराबर वाली गली से निकलकर हम गांधीनगर में पहुंचकर संपन्न हुआ। गुरु घर के द्वारा नगर कीर्तन में 5 प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन निकला । सबसे पीछे पालकी साहब में हमारे पिता गुरु ग्रंथ जी विराजमान थेऔर इसके पीछे संगत कीर्तन करती हुई चलती रही। आगे सेवादारों के द्वारा पानी का छिड़काव करते हुए झाड़ू से सड़क को साफ करते हुए गुरुसाहब को आदर और सम्मान से ले जाया गया। इसके अलावा भूड़ भारत नगर में प्रातःकाल कार्यक्रम की शुरुआत पाठ श्री सुखमनी साहिब से हुई, जिसके उपरांत गुरुमय वातावरण में कीर्तन दरबार सजाया गया। कीर्तन दरबार में भाई अमरजीत सिंह हजूरी रागी, भाई गुरदीप सिंह जी, भाई कवल सिंह भाटिया जी, निशा वर्मा एवं बीबी गुंजन कौर जी (दिल्ली वाले) ने मधुर गुरुवाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया और गुरु साहिब की महिमा का गुणगान किया।

### गुरु गोबिंद सिंह जी के महान त्याग, बलिदान एवं मानवता के लिए संदेश पर प्रकाश डाला

इस अवसर पर सभा के प्रधान सरदार जोगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के महान त्याग, बलिदान एवं मानवता के लिए दिए गए अद्वितीय संदेश पर प्रकाश डाला। सभा के सचिव सरदार हरचरणजीत सिंह ने लंगर सेवा सहित सभी प्रकार की निस्वार्थ सेवाओं के लिए संगत का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक कमेटी द्वारा रमन, करण, अमनदीप कौर एवं परविंदर कौर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन बच्चों ने प्रकाशोत्सव से पूर्व निकाली गई सभी प्रभात फेरियों में कड़ाके की ठंड के बावजूद नियमित रूप से भाग लेकर अद्भुत श्रद्धा, अनुशासन एवं सेवा भावना का परिचय दिया।

### राजीव जेटली ने कहा-मेक फॉर इंडिया से मजबूत होगी भारतीय अर्थव्यवस्था

# स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम में स्वदेशी को रामराज्य के विकास मॉडल से जोड़ाः दीपक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी ग्राउंड में स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला का सफल आयोजन किया जा रहा है।

स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला के अंतर्गत आज रविवार को युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह.व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा (प्रदीप) भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल कुछ पारंपरिक वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि देशी उत्पादों को गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया जाए, ताकि स्वदेशी वस्तुएं युवाओं की मजबूरी नहीं बल्कि उनका फैशन और पसंद बनें। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने सीमित संसाधनों में चंद्रयान, मंगलयान और स्वदेशी कोविड वैक्सीन जैसी उपलब्धियां हासिल कर विश्व को अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया है। बावजूद इसके, आज भी कई विदेशी कंपनियां भारतीय नामों का उपयोग कर भारतीय उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही हैं, जिससे देश की बड़ी पूंजी विदेशों में जा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वदेशी जागरण मंच से जुड़कर अपने नवाचार और रचनात्मक विचार सांझा करें।

उन्होंने कहा कि भारत के पास 130 करोड़ की विशाल आंतरिक बाजार शक्ति है और यदि मेक फॉर इंडिया की सोच को मजबूती मिले तो देश को किसी बाहरी बाजार पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की कंपनियां जैसे टाटा और महिंद्रा आज वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता की मिसाल बन चुकी हैं। यदि स्टार्टअप और एमएसएमई को सही प्लेटफॉर्म और संरक्षण मिले तो वे भी वैश्विक नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच के इस जन-जागरण अभियान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को समय से पहले साकार किया जा सकता है।

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा (प्रदीप) ने कहा कि स्वदेशी का सार रामराज्य है, जहां दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के कष्टों का अभाव होता है। युवाओं से आह्वान किया कि वे देश के अन ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर विशेषकर दूध, कृषि, पोल्ट्री और मत्स्य पालन को ऑर्गेनाइज्ड, स्टैंडर्डाइज्ड और सर्टिफाइड बनाएं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मिठाइयां बांटी

## युवा कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



रोहतक से काग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन हरियाणा युवा कांग्रेस द्वारा उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, मिठाइयां बांटकर और जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिन को खास बनाया। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया और प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को बुके भेंटकर और केक काटकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने उनके राजनीतिक योगदान, युवाओं के प्रति उनकी सोच और हरियाणा के विकास में उनकी भूमिका को सराहा।

प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। दीपेंद्र हुड्डा ने हमेशा युवाओं की आवाज को मजबूती से संसद में उठाया है। रोजगार, शिक्षा, खेल और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर उनका संघर्ष अनुकरणीय है। हरियाणा का युवा वर्ग उनके नेतृत्व में खुद को सुरक्षित और मजबूत महसूस करता है। कटारिया ने कहा कि युवा कांग्रेस उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए संगठन को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। वहीं पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने कहा ने कहा की दीपेंद्र सिंह हुड्डा आधुनिक सोच वाले नेता हैं, जो हरियाणा को प्रगति की नई दिशा देने का विजन रखते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे किसानों की समस्याएं हों, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी हो या संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सवाल हो दीपेंद्र हुड्डा ने हर मुद्दे पर मजबूती से अपनी बात रखी है। उनका जन्मदिन युवाओं के लिए संकल्प दिवस की तरह है। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य तौर पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, तरुण तेवतिया, गजेंद्र चौहान,प्रदीप यादव, हरजीत कटारिया, विक्रम कटारिया, विकास दायमा, मुबीन खान, सुशील हुड्डा, हरीश कुमार, रजत लाठर, मनीष मालिक, अभिषेक यादव, मोहित तंवर, भारत सोनी, ध्रुव लठवाल, पर्मवीर जैन विनीत खरब, रविंदर हुड्डा आदि।

## आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए निकाली जा रही है सद्भाव यात्राः वीरेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए हरियाणा में समाज को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव-देहात में भाजपा का जनाधार नहीं होने के कारण उसने धर्म के बाद अब जाति के आधार पर समाज को बांटने की नीति अपनाई है।

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह की राजनीति का जवाब केवल सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के जरिए ही दिया जा सकता है और यह जिम्मेदारी कांग्रेस निभाएगी। चौधरी बीरेंद्र सिंह फरीदाबाद की छह विधानसभा में सद्भाव पदयात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देने रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सेक्टर 9 पहुंचे थे। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित पूरी फरीदाबाद की कांग्रेस को उन्होंने निमंत्रण दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक व उनकी टीम ने चौधरी वीरेन्द्र सिंह का पगड़ी बांधकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने पदयात्रा को लेकर बातचीत की और इसके उद्देश्य तथा कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा की।

### क्षेत्रवासियों को 55 लाख रुपए की विकासात्मक सौगात दी

## विधायक मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-3 में 55 लाख की लागत से विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 क्षेत्र को 55 लाख रुपए की विकासात्मक सौगात दी है। इस राशि से क्षेत्र में गलियों का निर्माण, ग्रीन बेल्ट का जीर्णोद्धार तथा पार्क का सौंदर्यकरण किया जाएगा।

जानकारी देते हुए विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने बताया कि शिव कॉलोनी में 6 गलियों का निर्माण तथा 2 गलियों में पानी की लाइन डाली जाएगी, जिस पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आएगी। यह कार्य निर्माण केंद्र फरीदाबाद द्वारा पूरा किया जाएगा। वहीं सेक्टर-3 की ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यकरण नगर निगम फरीदाबाद द्वारा कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 35 लाख रुपए होगी। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और पर्यावरण भी सुंदर व स्वच्छ बनेगा। स्थानीय निवासियों ने विधायक का जोरदार स्वागत करते हुए कार्यों के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद पवन यादव, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, मार्किट कमेटी बल्लबगढ़ के चेयरमैन सजीव बैंसला, पूरन लाल शर्मा, नवीन चेची, चौधरी सुंदर , कर्मवीर, सतीश , रमेश , गौरव , ज्ञानपाल खटाना, राजेश कौशिक, राजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश, धर्मवीर, शिवानी दीक्षित, सचिन गर्ग सहित शिव कॉलोनी एवं सेक्टर-3 के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी पकड़ाया, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** बीते 23-24 दिसंबर की रात को जीवन नगर गौच्छी में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी शंभू यादव को बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जीवन नगर पार्ट-2 गौंछी वासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी संजय कालोनी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके एक किराये के कमरे में शंभू यादव, उसकी पत्नी, बेटी व विकास रहता था। जो 23-24 दिसंबर की रात को शंभू ने विकास की अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक में फावडा मारकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया। जिस संबंध में थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने शंभू यादव निवासी हाल जीवन नगर पार्ट 2 गोंछी को बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शंभू को अपनी पत्नी के विकास के साथ अवैध संबंध का शक था जिसके चलते 23-24 दिसंबर की रात को उसने नींद में सोए हुए विकास पर फावड़ा से हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।



### नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा 101वां रक्तदान शिविर आयोजित

## रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाः राम जुनेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



नव प्रयास सेवा संगठन द्वारा आज जवाहर कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में 101वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रैडक्रास सोसायटी से पुरूषोत्तम सैनी ने शिरकत की। इस शिविर में लगभग 51 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तवीरों को राम जुनेजा, पुरूषोत्तम सैनी, सुनील यादव, भुवनेश्वर शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया

रक्तवीरों को संबोधित करते हुए प्रधान राम जुनेजा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिए गया रक्त बीमार व्यक्ति, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं व सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति के काम आता है। जुनेजा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और इससे समाज में संवेदनशीलता सहयोग और सेवा भाव को सशक्त आधार मिलता है।

जिला रेडक्रास सोसायटी के पुरूषोत्तम सैनी ने कहा कि जब युवा पीढ़ी सेवा कार्यों में आगे आती है तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव पड़ती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करता है बल्कि सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर नवप्रयास सेवा संगठन के संस्थापक सुनील यादव ने कहा कि संस्था अब तक 100 शिविर पूरे कर चुके है तथा 101 वां शिविर आज है। उनकी संस्था का प्रयास है कि उनके द्वारा एकत्र किया गया केवल सिविल अस्पताल को दिया जाता है। समय पड़ने पर डोनर्स को कार्ड दिखाकर रक्त अपने मरीजों के लिए आसानी से मिल सकें। इस मौके पर व्यापारी लालचंद जिंदल, सुरेन्द्र गोयल, प्रेमवीर शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, सुरेन्द्र रावत, सचिन तंवर, सुमित रावत, रमेश आदि।

### आशियानों को बचाने की मुहिम को लेकर कई दिनों से धरना प्रदर्शन जारी

# पूर्व विधायक ने गांव बड़ौली में चल रहे धरने पर पहुंचकर ग्रामीणों को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



गुर्जरों के बड़े गांव बड़ौली व प्रहलादपुर में आशियानों को बचाने की मुहिम को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। रविवार को धरने पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर व ने पहुंचकर लोगों को अपना समर्थन दिया और उनकी मांगों को पूरी तरह से जायज बताया।

इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि सरकार कोई भी रही हो, अधिकारियों ने बिना जांच-पड़ताल किए बसे हुए गांवों व कालोनियों को एक्वायर करने की कार्रवाई की थी, जिसे अब खाली करवाना मुमकिन नहीं है इसलिए वह प्रदेश के मुख्यमंत्री व हरियाणा सरकार से अनुरोध करते है कि मौके का मुआयना करे और गांवों में जो घर 10 से 20 साल पुराने बसे हुए है, उनको रिलीज किया जाए और कानून भी यह कहता है कि जिन जमींदारों ने दस वर्ष से न तो कब्जा दिया न मुआवजा दिया, उनको हरियाणा सरकार द्वारा रिलीज कर देना चाहिए। नागर ने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में बुजुर्ग, युवा, महिलाएं व बच्चे सभी खुले मैदान में अपने आशियानों को बचाने के लिए एकजुट हुए है और उनकी यह मांग पूरी तरह से जायज भी है, यह लोग पिछले कई वर्षो से यहां रह रहे है और सरकार व प्रशासन के सभी नियमों की पालना भी कर रहे है और सरकार के इस निर्णय से हजारों लोगों के समक्ष भारी परेशानियां पैदा हो गई है। नागर ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर जल्द ही केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के समक्ष रखेंगे और उनसे मांग करेंगे वह गांव बड़ौली की जमीन को रिलीज कर ग्रामीणों को राहत दिलाई जाए। पूर्व विधायक ललित नागर ने स्पष्ट किया कि वह गांव बड़ौली व प्रहलादपुर के लोगों के इस संघर्ष में पूरी तरह से उनके साथ है और जहां उनकी जरूरत होगी, वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और उनके हक-हकूक की आवाज सरकार व प्रशासन के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन धन सिंह कोतवाल के हरियाणा अध्यक्ष वीरपाल पहलवान, भारतीय किसान यूनियन धन सिंह कोतवाल के युवा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र भाटी बोडक्री, पूर्व पार्षद राजेन्द्र चपराना, एडवोकेट एमपी नागर, सूरज चंदीला, जितेंद्र भाटी किसान यूनियन अध्यक्ष, भोपाल प्रधान, अजब नागर, रोहताश चौधरी, भगत जी, विक्रम चंदीला, अशोक गौतम एडवोकेट, डीपी नागर एडवोकेट, रामकुमार नागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

## भक्त को हमेशा परमात्मा से यही वरदान मांगना चाहिए कि हमेशा भागवत नाम जपता रहेः संविदानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



श्री सियाराम हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन कथा विवाह श्री संविदानंद महाराज जी ने कहा कि परमात्मा कहते हैं कि जो अपनी कामनाओं को त्याग करके मेरी शरण में आ जाते हैं मैं उस भक्त का मोक्ष कर देता हूं।

मैं उसके समस्त पापों का नाश कर देता हूं। उन्होंने कहा कि भक्त को हमेशा परमात्मा से यही वरदान मांगना चाहिए कि वह हमेशा भागवत नाम जपता रहे और राधा राधा नाम का संकीर्तन करता रहे।श्री सियाराम हनुमान मंदिर सभा रजिस्टर्ड द्वारा श्री सियाराम हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तृतीय दिवस पर श्रीनाथ बृजवासी व उनकी धर्मपत्नी उषा बृजवासी ने अपने सह परिवार के साथ मिलकर मुख्य यजमान के तौर पर कथा व्यास महाराज सुमेधानंद जी का तिलक कर आयोजन का शुभारंभ किया।

योगी सरकार का युवाओं को नए साल का तोहफा

# यूपी के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में करीब 1200 पदों पर होगी सीधी भर्ती

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए 2026 तक की कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 1,200 से अधिक शैक्षणिक और तकनीकी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए योगी सरकार ने वर्ष 2026 की बड़ी कार्ययोजना तैयार कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक और तकनीकी रिक्तियों को भरने के लिए 1,200 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह कदम न केवल युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात देगा, बल्कि प्रदेश के मेडिकल छात्रों को उच्च स्तरीय शोध और बेहतर मार्गदर्शन भी सुनिश्चित करेगा।

*1230 महिला व पुरुष नर्सिंग अधिकारियों को भी मिलेंगे नियुक्ति पत्र*

*उत्तर प्रदेश को कुशल डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ जनता मिल सकेंगे*

## लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे पद



अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) अमित कुमार घोष के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रिक्त पदों का अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग , प्रयागराज को भेज दिया है। जल्द ही निम्नलिखित पदों के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। यह भर्तियां मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर कर पठन-पाठन और व्यावहारिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में आमूलचूल परिवर्तन लाएंगी।

## नर्सिंग कैडर को भी मिलेगी मजबूती

सरकार केवल शिक्षकों की ही नहीं, बल्कि ग्राउंड लेवल पर स्वास्थ्य सेवाओं को संचालित करने वाले नर्सिंग स्टाफ की भी कमी दूर कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही यूपीपीएससी के माध्यम से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इन अधिकारियों की तैनाती से प्रदेश के जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मरीजों की देखभाल और अधिक संवेदनशीलता व दक्षता के साथ हो सकेगी।

## 'डिग्री' के साथ 'क्वालिटी' पर जोर

मुख्यमंत्री का स्पष्ट विजन है कि उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेज केवल डिग्री बाँटने के केंद्र न बनें, बल्कि वे शोध (Research) और नवाचार (Innovation) के गढ़ बनें। पिछले नौ वर्षों में 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' के संकल्प को पूरा करने के बाद, अब सरकार का ध्यान इन संस्थानों में राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप योग्य फैकल्टी और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर है। शिक्षकों की इस नई खेप के आने से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा का स्तर सुधरेगा, जिससे भविष्य में प्रदेश को कुशल डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मिल सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### 10वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में बड़ा बदलाव

**रामपुर।** इस बार बोर्ड ने हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में बड़ा बदलाव किया है। इंटरमीडिएट की तरह बाहरी परीक्षकों की व्यवस्था न करते हुए हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर कराई जाएगी। जिले के 25518 हाईस्कूल छात्र-छात्राएं इस प्रक्रिया में शामिल होंगे।



### एमएलए टाइगर जयराम महतो को कोर्ट से राहत

**धनबाद।** पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में चुनाव जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे जयराम महतो को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। धनबाद के तोपचांची के पास सड़क जाम करने, आगजनी, तोड़फोड़ और हमला कर एक व्यक्ति को जख्मी कर देने के मामले में कोर्ट ने डुमरी विधायक जयराम महतो सहित 13 लोगों को बरी करने का आदेश दिया।



उद्यमी बनाने की स्कीम

## बिहार में भिखारियों को भी रोजगार दे रही नीतीश कुमार सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के भिखारियों को नीतीश सरकार उद्यमी बना रही है। राज्य में भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना चला रही है। इसके लिए राज्य के 10 जिलों में 19 भिक्षुक पुनर्वास गृह संचालित है। इसमें भिक्षुकों को रहना, खाना और सुरक्षित जीवनवयापन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके अलावा भिक्षुकों को स्वरोजगार करने के लिए सरकार की ओर 10 हजार रूपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा, रोजगार और पुनर्वास जैसे कई लाभ भी दिए जाते हैं। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 544 भिक्षुकों को आर्थिक सहायता दी गई है।



### छोटे व्यवसाय के लिए 10 हजार की एकमुश्त राशि

यह योजना भिखारियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना में भिक्षुकों को छोटे व्यवसाय के लिए 10 हजार रुपए की एकमुश्त राशि मिलती है। इसके साथ ही उनका आधार कार्ड पैन कार्ड और बैंक खाता खुलवाने में मदद की जाती है। वृद्ध, विधवा, या दिव्यांग भिक्षुओं को पेंशन मिलती है। बच्चों की शिक्षा और भिक्षुओं के लिए कौशल प्रशिक्षण का बंदोबस्त किया जाता है।

### भिखारियों के पुनर्वास के लिए 6 उत्पादक समूह

वर्तमान में राज्य में भिक्षुकों के पुनर्वास के लिए 6 सक्षम उत्पादक समूह संचालित हैं। जहां उन्हें तमाम स्किल डेवलपमेंट कोर्स कराए जाते हैं। ये समूह अगरबत्ती, दिया-बाती, नारियल झाड़ु, चप्पल तथा जूट से निर्मित उत्पादों का निर्माण और बिक्री करते हैं, प्राप्त आय को निर्माताओं में वितरित किया जाता है। इसके अलावा पटना, गया, नालंदा, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर, मुंगेर व सारण जिले में 19 पुनर्वास गृह संचालित है।

बढ़ती आबादी-जाम को लेकर योगी सरकार का बड़ा प्लान

## आसानी से गणतंव्य तक पहुंचने आउटर रिंग रोड शहर के बाहर से निकाला जाएगा

हर साल 1700 लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आवासीय योजनाएं लाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*आवास विभाग द्वारा तैयार किए गए रोडमैप के अनुसार शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। मौजूदा समय शहरों में करीब 22 फीसदी आबादी रहती है। एक अनुमान के अनुसार शहरी आबादी धीरे-धीरे 40 से 50 फीसदी हो जाएगी। लखनऊ में किसान पथ 104 किमी लंबा बनाया जा रहा है।*

योगी आदित्यनाथ सरकार शहरों में बढ़ती आबादी और जाम की समस्या को देखते हुए जरूरत के आधार पर शहरों में आउटर रिंग रोड का निर्माण कराएगी। आउटर रिंग रोड शहर के बाहर-बाहर से निकाला जाएगा, जिससे लोग इससे अपने गंतव्य को पहुंच सकें। आवास विभाग द्वारा तैयार किए गए विजन डॉक्युमेंट-2047 के मुताबिक शहरों में बढ़ती आबादी के हिसाब से हर साल 1700 लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आवासीय योजनाएं लाई जाएंगी।

किसान पथ 104 किमी लंबा बनाया जा रहा

आगरा, मेरठ, प्रयागराज, काशी में भी कुछ हिस्सों का काम पूरा हो चुका

### 10 हजार किमी क्षेत्र में सड़क और आउटर रिंग रोड की जरूरत



इसी तरह लगभग 10 हजार किमी क्षेत्र में सड़क और आउटर रिंग रोड की जरूरत होगी। आवास विभाग द्वारा तैयार किए गए रोडमैप के मुताबिक शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। मौजूदा समय शहरों में करीब 22 फीसदी आबादी निवास करती है। एक अनुमान के मुताबिक शहरी आबादी धीरे-धीरे 40 से 50 फीसदी हो जाएगी। इसलिए शहरों में आवासीय और व्यवसायिक जरूरतों के लिए भूमि बैंक बनाने की जरूरत पड़ेगी।

### कई शहरों में रिंग रोड का काम चल रहा है

लखनऊ में शहीद पथ बन चुका है और किसान पथ 104 किमी लंबा बनाया जा रहा है। कानपुर के लिए भी एक आउटर रिंग रोड एनएच 230 का जो हिस्सा है निर्माणाधीन है। गोरखपुर में भी रिंग रोड का काम चल रहा है। आगरा, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी में भी कुछ हिस्सों का काम पूरा हो चुका है।

### प्राधिकरण आवासीय योजनाएं भी लाएंगे

प्राधिकरणों द्वारा आवासीय योजनाएं लाने के साथ ही शहरों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए आउटर रिंग रोड की व्यवस्था की जाएगी। इसका खाका ऐसा तैयार किया जाएगा, जो शहर के बाहर-बाहर निकलेगा, लेकिन अधिकतर हिस्सों को जोड़ेगा। इससे लोगों को सुविधाएं होंगी और वे जाम मुक्त अपने गंतव्य को आसानी से पहुंचेंगे।

## पेज एक का शेष ...

### अब कोलंबिया के ...

का नाम लिए बिना पेट्रो ने वॉशिंगटन की कार्रवाई को लैटिन अमेरिका की संप्रभुता पर हमला बताया था। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने कहा था कि इससे मानवीय संकट पैदा होगा। गुस्तावो पेट्रो, ट्रंप द्वारा कैरिबियन में कथित मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले जहाजों से निपटने के लिए किए गए सैन्य तैनाती के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी रणनीति के तहत वे कोलंबिया में मादक पदार्थों के उत्पादन की प्रयोगशालाओं पर हमला करने से इनकार नहीं करेंगे। यूएस राष्ट्रपति के इस बयान की पेट्रो ने आक्रमण के खतरे के रूप में निंदा की थी। ट्रंप ने कहा कि पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी प्रभुत्व पर अब कोई सवाल नहीं उठेंगे। हम अच्छे पड़ोसियों से घिरे रहना चाहते हैं। हम स्थिरता से घिरे रहना चाहते हैं। हम ऊर्जा से घिरे रहना चाहते हैं। उस देश में हमारे पास अपार ऊर्जा है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इसकी रक्षा करें। हमें इसकी अपने लिए आवश्यकता है। वेनेजुएला के लिए भविष्य की योजनाओं पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपनी तेल कंपनियों को वहां भेजेगा और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त तेल के बुनियादी ढांचों की मरम्मत के लिए अरबों डॉलर खर्च करेगा, जिससे वेनेजुएला को काफी फायदा पहुंचेगा।

### वेनेजुएला में तेल ....

वेनेजुएला में सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र का संयुक्त रूप से संचालन करती है, लेकिन लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित हो गई। इससे वेनेजुएला में तेल भंडारों में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ और अब यह घटकर सिर्फ पांच हजार से लेकर 10 हजार बैरल प्रतिदिन तक घट गया है।

### भारत ने कहा-....

भी तरह की हिंसा या टकराव से हालात और बिगड़ सकते हैं। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करता रहेगा।

### ममता बनर्जी ...

है। ज्ञानेश कुमार को संबोधित एक पत्र में बनर्जी ने कहा कि उन्होंने 'बार-बार अपनी गंभीर चिंताओं को उठाया था' लेकिन अब स्थिति में तेजी से गिरावट आने के कारण उन्हें 'पत्र लिखने के लिए मजबूर होना पड़ा'। उन्होंने लिखा कि जिस तरह से चुनाव आयोग ने अधिकारियों और निवासियों पर एसआईआर थोपा था, वह न केवल अनियोजित और अराजक था, बल्कि खतरनाक भी था। इसी के साथ उन्होंने बुनियादी तैयारियों, स्पष्ट संचार और पर्याप्त योजना के अभाव का आरोप लगाया।

### छत्तीसगढ़ अब ...

हासिल करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

सीएम साय ने कहा कि दो वर्ष पूर्व जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया था। आज छत्तीसगढ़ पहले से अधिक सशक्त और सुदृढ़ राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 15 वर्षों की पूर्ववर्ती सरकार ने प्रदेश में विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी थी, जबकि कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष भ्रष्टाचार और घोटालों में बीते। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब, किसान, महिलाएं, युवा और जनजातीय समाज सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। बीते दो वर्षों में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर अंत्योदय के संकल्प को साकार किया गया है। धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के साथ लगातार तीन सीजन में की गई, जिससे किसानों की आय और सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और खेती लाभ का व्यवसाय बनी है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत 22 किश्तों में 14,306 करोड़ रुपये 70 लाख महिलाओं को दिए गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की गई, जिससे 13 लाख परिवार लाभान्वित हुए हैं। 73 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त राशन और 5.62 लाख भूमिहीन मजदूरों को 10,000 रुपये वार्षिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हुए बड़े नक्सली नेताओं का न्यूट्रलाइजेशन किया गया है और आत्मसमर्पण को प्रोत्साहन मिला है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास के तहत 10,000 रुपये मासिक सहायता दी जा रही है। पूर्व नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क, बिजली, पानी और स्कूलों का तेजी से विस्तार हुआ है। बस्तर का विकास मिशन मोड में किया जा रहा है और नियद नेल्ला नार योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा मिला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों से स्थानीय जनभागीदारी बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई औद्योगिक नीति से विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रखी गई है। अब तक 7.83 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। 1000 से अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। लॉजिस्टिक पार्क और रायपुर में एयर कार्गो सुविधा विकसित की गई है।

उन्होंने कहा कि 400 से अधिक प्रशासनिक सुधार किए गए हैं। पुराने कानूनों को समाप्त या सरल बनाया गया है। शासन को पूरी तरह डिजिटल किया गया है और ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली में तेजी आई है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज किया गया है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन तथा राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि रेलवे, सड़क और एयर कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक विस्तार हुआ है। एक्सप्रेस-वे से बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है और 47,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। विकसित भारत की तर्ज पर वर्ष 2047 के लिए 'अंजोर विज़न डॉक्यूमेंट' तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित राज्य की दिशा में अग्रसर है।

### रिसर्च तभी सार्थक है ...

गईं जिसमें पिछले पांच सालों में 1,661 किस्में शामिल हैं जो किस्मों के विकास में तेज़ी से बढ़ोतरी को दिखाता है। हाल ही में जारी की गई 184 किस्मों में 122 अनाज, 6 दालें, 13 तिलहन, 11 चारा फसलें, 6 गन्ना, 24 कपास (जिसमें 22 बीटी कपास शामिल हैं) और जूट और तंबाकू की एक-एक किस्म शामिल हैं। भाकृनुप संस्थानों, राज्य/केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों तथा निजी बीज कंपनियों द्वारा विकसित ये किस्में जलवायु-अनुकूल, अधिक उपज देने वाली तथा प्रमुख कीटों और बीमारियों के प्रति प्रतिरोधी हैं। ये नई जारी की गई किस्में जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की लवणता, सूखा तथा अन्य जैविक एवं अजैविक तनाव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित की गई हैं, साथ ही प्राकृतिक और जैविक खेती के तरीकों का भी समर्थन करती हैं। कई किस्मों में विशेष गुण होते हैं जैसे लवणता, सूखा, कम फास्फोरस, शाकनाशी, कीटों और बीमारियों के प्रति सहनशीलता, जल्दी पकना, बायोफोर्टिफिकेशन, उच्च प्रोटीन, दाना न झड़ना तथा कई बार कटाई वाली चारे की क्षमता। इनमें बेहतर चावल, मक्का, बाजरा, दालें, तिलहन, गन्ना, कपास, जूट और चारा फसलें शामिल हैं जो विशिष्ट तनावों और उत्पादन प्रणालियों के लिए डिज़ाइन की गई हैं। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने बीज उत्पादन, प्रदर्शन और किसानों में जागरूकता लाने में तेज़ी लाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों, कृषि विश्वविद्यालयों, भाकृअनुप संस्थानों तथा निजी क्षेत्र के बीच बेहतर तालमेल का आह्वान किया।

बुलडोजर एक्शन से पहले हथौड़े से तोड़े

## पुलिस बल तैनाती में प्रशासन ने की जेसीबी से की मदरसा तोड़ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संभल

जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर सलारपुर उर्फ हाजीपुर में प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही बड़ा घटनाक्रम सामने आया। नोटिस मिलने के बाद ग्रामीणों ने मस्जिद को खुद ही ध्वस्त कर दिया। रविवार सुबह प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। करीब 12:30 बजे मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित मदरसे को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि प्रशासन के नोटिस के बाद ग्रामीणों ने स्वयं मस्जिद को गिरा दिया था। मस्जिद की खाली हुई जमीन पर 20 गरीब लोगों को पट्टे दिए गए हैं।

वहीं, मदरसे को लेकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। प्रशासन का कहना है कि पूरी कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। इलाके में फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

विभागीय अधिकारी नहीं देते कोई जवाब

## पांच सालों से नहीं हुआ गर्भवती और शिशुओं को पुष्टाहार देने वालों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना इन दिनों तरह तरह के संकट के दौर से गुजर रही है। एक संकट इस बात का है कि जो संस्थाएं पहले यहां पुष्टाहार आपूर्ति करती थीं, उन्हें बीते पांच साल से भुगतान नहीं हुआ है। दूसरी ओर जिन सहकारी संस्थाओं के जरिए पुष्टाहार का काम कराया जा रहा है, उनमें से कईयों की प्रोडक्ट की साफ सफाई की रिपोर्ट अच्छी नहीं है।

उत्तर प्रदेश में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में गर्भवती गरीब महिलाओं शिशुओं के बेहतर सेहत के लिए पुष्टाहार योजना चलाई जा रही है। इसमें सरकार सेहतमंद खाद्य पदार्थ उन्हें विभाग के जरिए आपूर्ति करती है। लेकिन इस योजना के तहत जो फर्में पहले पुष्टाहार आपूर्ति करती थीं, उन्हें ही पांच साल से विभाग द्वारा भुतान नहीं किया गया है। नतीजा यह है कि यह मामला अब गरमाता जा रहा है। फर्म के अधिकारियों का कहना है कि



विभाग द्वारा भुगतान रोके जाने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि आपूर्ति करने वाली फर्मों ने आहार पैकटों पर बारकोड नहीं प्रिंट कराए थे। लेकिन हकीकत में स्थिति यह है कि उस वक्त बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय बारकोड स्केनर और जरूरी साफ्टवेयर विकसित नहीं करा पाया था।

इसलिए तत्कालीन अधिकारियों की सहमति से बारकोड प्रिंट न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। अब इसी आधार पर उनका भुगतान रोका जाना विभागीय कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है, लेकिन विभाग के अधिकारी इस बाबत कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। इसलिए संकट और गहराता जा रहा है।

यमुना अथॉरिटी बोर्ड ने लगाई न्यू आगरा प्लान पर मुहर

## चंडीगढ़ मॉडल पर बनेगा शहर, लाखों युवाओं को नौकरी मिलने की संभावना बढ़ी

जिले के 58 गांव यमुना अथॉरिटी के तहत नोटिफाइड हैं

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

चंडीगढ़ की तर्ज पर न्यू आगरा को डेवलप करने की योजना बना रही यमुना अथॉरिटी अपनी आने वाली बोर्ड मीटिंग में मास्टर प्लान को मंज़ूरी दे सकती है। दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर ने न्यू आगरा मास्टर प्लान की समीक्षा करके उसे अपने सुझावों के साथ यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को वापस भेज दिया है। यमुना अथॉरिटी जल्द ही एसपीए के सुझावों पर चर्चा करने के लिए एक मीटिंग करेगी। इस मीटिंग में यमुना अथॉरिटी के अधिकारियों के अलावा, एसपीए, मास्टर प्लान बनाने वाली कंपनी और आगरा प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। फाइनल मास्टर प्लान को मंज़ूरी के लिए बोर्ड के पास भेजा जाएगा। आगरा जिले के 58 गांव यमुना अथॉरिटी के तहत नोटिफाइड हैं। अथॉरिटी ने इन गांवों की 12,000 हेक्टेयर ज़मीन पर न्यू आगरा शहर को डेवलप करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। न्यू आगरा में 14.6 लाख लोगों को बसाने के लिए शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट किया जाएगा। अनुमान है कि टूरिज्म, इंडस्ट्रियल और कमर्शियल सुविधाओं के डेवलपमेंट से 8.5 लाख नौकरियां पैदा होंगी।

### ताजमहल की वजह से संरक्षित क्षेत्र का दर्जा



बोर्ड के निर्देशों के अनुसार मास्टर प्लान को समीक्षा के लिए एसपीए के पास भेजा गया था। एसपीए ने अपने सुझाव यमुना अथॉरिटी को सौंप दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि एसपीए से मिले सुझावों का अध्ययन किया जा रहा है। संरक्षित क्षेत्र का दर्जा होने के कारण, एसपीए ने पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों पर ज़ोर देते हुए सुझाव दिए हैं, साथ ही ट्रैफिक और ग्रीन स्पेस के बारे में भी सुझाव दिए हैं। यमुना अथॉरिटी के सीईओ शैलेंद्र भाटिया ने कहा कि एसपीए के सुझावों को मास्टर प्लान में शामिल करने पर चर्चा करने के लिए जल्द ही एक मीटिंग होगी। इस मीटिंग में एसपीए, मास्टर प्लान बनाने वाली कंपनी, यमुना अथॉरिटी और आगरा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। जो सुझाव व्यावहारिक होंगे, उन्हें मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा और उसे फाइनल किया जाएगा। बोर्ड से मंज़ूरी मिलने के बाद, मास्टर प्लान सरकार को भेजा जाएगा।



# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

**मुंबई।** अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style



# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।

हॉलीवुड मसाला



# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।



# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश

**मुंबई।** आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

टीवी मसाला



# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है।। इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

***नई दिल्ली।*** *अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता हैं। राज कपूर से अपने रिश्ते के जरिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कजिन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

**इक्कीस के बारे में**

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर
## 800 करोड़ पार पहुंची कमाई

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें



दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।

## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल
# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

***नई दिल्ली।*** *मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल है। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।




### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।

## प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवाचार आधारित विकास में अंतरराज्यीय सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

# टीआईई ग्लोबल समिट-2026 जयपुर में शुरू, मप्र का तकनीकी और निवेश दृष्टिकोण किया जाएगा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संरचित साझेदारियों के माध्यम से प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवाचार-आधारित विकास में अंतर-राज्यीय सहयोग को बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 4 जनवरी से जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट 2026 के 10वें संस्करण में सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में शुरू हुई है। यह भागीदारी 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआईई) राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जो उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे। राज्य की प्रस्तुति 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित होगी, जहां मुख्यमंत्री प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में वैश्विक निवेशकों तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के समक्ष अवसरों की विस्तृत रूपरेखा रखेंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे उच्च स्तरीय राज्य प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण करेंगे। मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री सीईओ, निवेशकों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे।


प्रतीकात्मक चित्र।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में होगी सशक्त भागीदारी

### नवस्थापित एवं प्रगतिशील नीतिगत व्यवस्था का प्रभावी प्रदर्शन

टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र अपनी नवस्थापित एवं प्रगतिशील नीतिगत व्यवस्था का प्रभावी प्रदर्शन करेगा, जिसमें आईटी एवं आईटी-सक्षम सेवाएं, स्टार्टअप्स, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एवं विनिर्माण (ईएसडीएम), एवीजीसी-एक्सआर, ड्रोन, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) तथा अन्य सहायक ढांचे शामिल हैं। ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों, डिजिटल नवाचार तथा उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

### टीआईई जैसे मंच सार्थक वैश्विक जुड़ाव को देते हैं बढ़ावा

*अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में टीआईई ग्लोबल समिट के साथ साझेदारी कर हम प्रसन्न हैं। भारत का प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता परिदृश्य अब महानगरों से आगे बढ़ रहा है। प्रगतिशील नीतियों, मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे तथा प्रतिभाओं की प्रचुरता के कारण मप्र स्टार्टअप्स, वैश्विक उद्यमों और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनकर उभर रहा है। टीआईई जैसे मंच सार्थक वैश्विक जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। यह साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करेगी, विस्तारयोग्य उद्यमिता को समर्थन देगी तथा मप्र के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक बाजारों और निवेशकों से जोड़ेगी।*

---

## खबर संक्षेप

### भारत का संकल्प पूरा करने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिकाः डॉ. महेंद्र

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शनिवार को मुरैना भाजपा जिला कार्यालय में सबलगढ़, जौरा, सुमावली एवं मुरैना विधानसभाओं की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त, समर्थ और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे विधानसभा, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर तक प्रवास कर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और भाजपा की विचारधारा से हर घर को जोड़ने का कार्य करें। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। यह लक्ष्य तभी साकार होगा जब केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारें निरंतर बनती रहें। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का समग्र विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान का कल्याण तथा आर्थिक सशक्तिकरण यदि कोई राजनीतिक दल कर सकता है, तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा की सरकारें हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।



### ईसीआई मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिए 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

---

### मुख्यमंत्री नायब का भगवंत सरकार पर हमला, पटियाला के घनौर में लोगों को संबोधित किया

# पंजाब में आप ने झूठे वादे कर सत्ता हथियाई, चार साल से कर रहे शोषण

**2027 में पीएम की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाएगी भाजपा हरियाणा की तर्ज पर होगा विकास**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी टीम के साथ पंजाब में सियासी बिगुल बजा दिया है। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटियाला की घनौर सीट परहुंकार भरी साथ ही पंजाब की आम आदमी पार्टी नेताओं पर जमकर सियासी हमला बोला व कहा कि अब पंजाब में कमल खिलाने का वक्त आ गया है। सैनी ने आप नेताओं पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर हमले बोले साथ ही कहा कि इस पार्टी के काफी नेता जेलों में पड़े हुए हैं, इन्होंने कोई भी देशभक्ति का काम नहीं किया है बल्कि जनता के हिस्से का पैसा भ्रष्टाचार फैलाकर हड़प कर लिया है।

- **मुख्यमंत्री बोले, पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और आम आदमी पार्टी की वादा खिलाफी ने बर्बाद किया**

उन्होंने कहा कि पंजाब को नशाखोरी, बेरोजगारी और वादा खिलाफी ने बर्बाद कर दिया है। 2027 में होने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंजाब में सरकार बनाकर भारतीय जनता पार्टी पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाएगी। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार में शामिल लोगों ने झूठे वायदे करके सत्ता तो हथिया ली, लेकिन चार साल बीतने के बावजूद लोगों के हित में काम करने की बजाए पंजाब का शोषण किया जा रहा है।



#### नायब का भगवंत को चैलेंज, हरियाणा की तरह पंजाब में भी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का ऐलान करें

हरियाणा की तर्ज पर पंजाब में भी 24 फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदने की मांग करते हुए पंजाब भाजपा के नेताओं ने मंच से हरियाणा भाजपा सरकार की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में सर्वसमाज ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने आप पार्टी के चार साल के कार्यकाल को ूरी तरह से फेल बताया और भ्रष्टाचार के मामलों को गिनवाया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का नाम लेकर सीएम नायब सैनी ने जमकर हमले बोले साथ ही चुनौती दी कि वे पंजाब में भी 24 फसलों पर हरियाणा की तरह से एमएसपी खरीद की घोषणा करें। वहीं भाजपा पंजाब पर फोकस कर रही है अब से पहले भी हरियाणा की सीमा से सटे इलाकों में सूबे के सीएम नायब सिंह सैनी सीएम बनने के कुछ माह बाद ही अभियान चला चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार पर झूठे वादों करने के आरोप लगाए और चुनौती देते हुए यह भी कहा कि पंजाब सरकार बताए फसल खराब होने पर किसानों को कितना पैसा दिया गया और उन्होंने हरियाणा में दी जा रही राशि के बारे में विस्तार से ब्योरा दिया।



#### परनीत कौर ने हरियाणा के सीएम को सराहा

पार्टी की वरिष्ठ नेता परनीत कौर ने मंच से सीएम हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी की जमकर प्रशंसा की। परनीत कौर ने कहा कि, सीएम हरियाणा सैनी तो ऐसा लगता है, पंजाब के सीएम हों। जनसभा को पूर्व मंत्री असीम गोयल, पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह चीमा व सभा के आयोजक विकास शर्मा ने भी संबोधित किया।

**सीएम ने पंजाब के युवा उद्यमियों से संवाद किया**

### 2029 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योगपति देश में औद्योगिक क्रांति लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वर्ष 2029 तक देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री रविवार को संत कबीर कुटीर निवास पर ओएसडी तरूण भण्डारी के नेतृत्व में आए पंजाब के उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी बीबी भारती भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय इलेक्टिक व्हीकल का है। इसलिए सरकार पार्क बनाने की योजना तैयार कर रही है। गुरुग्राम में इलेक्ट्रिक व्हीकल बेट्री की एक बड़ी इण्डस्ट्री लेकर आए है।

सरकार उद्योगों को गति प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया, लोकल फोर वोकल - विषय के साथ भारत को गति से आगे ले जाने में देश में बने हुए सामान का उपयोग करने पर बल दिया। इसका श्रेय भी उद्योगपतियों को ही जाता है।

---

### प्रतिबंधित कफ सिरप और गांजा बेचते चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप और गांजा की तस्करी करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक अंतरराज्यीय तस्कर ओडिशा का निवासी भी शामिल है। पुलिस को सूचना मिली थी कि महासमुंद से रायपुर की ओर एक पिकअप वाहन में प्रतिबंधित सिरप और मादक पदार्थ ले जाए जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने आरंग थाना क्षेत्र के लखौली स्थित पुराने टोल प्लाजा के पास नाकेबंदी की।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और इनकार करने पर चाकू से वार कर युवक को घायल करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना धरसींवा अंतर्गत चौकी सिलतरा पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सागर निषाद ने धरसींवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 नवंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम धनेली स्थित शीतला तालाब नहाने गया था। इसी दौरान तोरण चन्द्राकर और देवेन्द्र एक्टिवा वाहन से वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए उससे पैसे की मांग करने लगे।

---

### 'प्रोटेक्ट टुडे एंड सिक्योर टुमारो' के तहत दी गई व्यापक जानकारी

## वन अपराधों को रोकने के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में अवैध शिकार और अन्य वन अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वन विभाग ने अब कानूनी मजबूती पर जोर देना शुरू कर दिया है। कई मामलों में अपराधियों की गिरफ्तारी के बावजूद तकनीकी और कानूनी कमजोरियों के कारण वे सजा से बच निकलते हैं। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए विधिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

वन विभाग के इस प्रयास के तहत दिसंबर माह में दुर्ग वनमंडल कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय विधिक साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'प्रोटेक्ट टुडे एंड सिक्योर टुमारो' परियोजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिला न्यायालय दुर्ग के काउंसलर चंद्राकर ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वनकर्मियों को वन कानूनों की व्यावहारिक समझ देना रहा, ताकि वे प्रकरणों को मजबूत तरीके से तैयार कर सकें और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रमुख प्रावधानों पर विशेष चर्चा की गई। आरक्षित और संरक्षित वनों से संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं को सरल भाषा में समझाया गया।



#### 'क्या करें और क्या न करें' पर सुझाव

*इसके साथ ही राजस्व क्षेत्रों में होने वाले वन अपराधों की रोकथाम, विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया और अदालती मामलों में अपनाई जाने वाली सावधानियों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। नालसा के विशेषज्ञों ने क्या करें और क्या न करें जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर सुझाव दिए, जिससे वनकर्मी न्यायिक प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बच सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग और धमधा के वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित वनमंडल के कार्यपालिक और क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।*

---

### शहीद हॉस्पिटल के प्रबंधन पर उठे सवाल, पुलिस कर रही जांच

## हॉस्पिटल के टॉयलेट में मिला नवजात मासूम का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र स्थित शहीद हॉस्पिटल में उस समय हड़कंप मच गया, जब हॉस्पिटल के टॉयलेट में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिससे अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस ने नवजात के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा। इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।




#### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

इस हृदय विदारक घटना के बाद से शहीद हॉस्पिटल के प्रबंधन की भूमिका पर गंभीर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर नवजात शिशु का शव हॉस्पिटल के टॉयलेट तक कैसे पहुंचा और इस दुखद घटना में किन लोगों की लापरवाही या संलिप्तता हो सकती है। इस दिशा में जांच को आगे बढ़ाने के लिए, हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

---

### किसान कल्याण और कृषि विकास से जुड़े सभी विभाग परस्पर समन्वय से करें कार्यः डॉ. मोहन

# कृषि वर्ष-2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश में लक्ष्य निर्धारित कर गतिविधियां की जाएं संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में अन्य राज्यों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से किसानों को रूबरू कराया जाए। किसानों को कृषि में उन्नत राज्यों और इजराइल तथा ब्राजील जैसे कृषि के क्षेत्र में नवाचार करने वाले देशों की यात्रा कराए। समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए किसान कल्याण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास तथा सिंचाई विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार कृषि वर्ष के तहत कृषि और इससे जुड़े सहायक विषयों से संबंधित विभागों की ओर से तैयार की गई कार्य योजना की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्ष-2026 को प्रदेश में कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में विविध जलवायु जोन, पर्याप्त सिंचाई सुविधा, बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। इसका लाभ लेकर किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के उद्देश्य आधारित गतिविधियां संचालित कर प्रदेश में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार किया जाए।

**मुख्यमंत्री ने कृषि वर्ष-2026 में होने वाली गतिविधियों के संबंध में ली बैठक**


कृषि कार्यों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री।

#### किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन को प्रमुखता से लिया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि वर्ष-2026 में शुरू की जा रही सभी गतिविधियां तीन साल का लक्ष्य निर्धारित कर संचालित की जाएं। किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए कृषि यंत्रीकरण, कृषकों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, उद्यानिकी विस्तार, एफपीओ निर्माण आधारित गतिविधियों को प्रमुखता दी जाए। इसके साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए माइक्रो इरीगेशन, बेहतर बाजार नेटवर्क, किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब मूल्य दिलवाने, पशुपालन तथा मछली पालन जैसी गतिविधियों के लिए कृषकों को प्रेरित करने जैसे प्रयास किए जाएं।*

#### अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलवायु के अनुकूल कृषि प्रबंधन, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, श्रीअन्न उत्पादन के प्रोत्साहन और जैव विविधता तथा परम्परागत कृषि ज्ञान के संरक्षण और प्राकृतिक और जैविक खेती के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित कर उनकी राष्ट्रीय और वैश्विक उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

#### सभी जिलों में फूलों की खेती को करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में होने वाले गुलाब महोत्सव को पुष्प महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्पादित होने वाले अन्य फूलों को भी शामिल किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष-2028 का इंटरनेशनल रोज़ कॉम्पीटिशन भोपाल में होना प्रस्तावित है। यह भी बताया गया कि सिंहस्थ : 2028 को देखते हुए उज्जैन जिले के 100 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पराली निष्पादन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं।

#### साफ, ग्रेडेड और पैक्ड उपज से बाजारों में बढ़ेगी भागीदारी

मंडियों के आधुनिकीकरण के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। वर्ष 25-26 में 20, वर्ष 26-27 में 19 और वर्ष 27-28 में 42 मंडियों को ई-नाम मंडियों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। ई-नाम या राष्ट्रीय कृषि बाजार भारत में कृषि वस्तुओं के लिए एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। मंडियों के आधुनिकीकरण से साफ, ग्रेडेड और पैक्ड उपज के कारण उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा।

---

### भाजपा प्रदेश प्रभारी आज से जिलों के प्रवास पर

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह दो दिवसीय प्रदेश प्रवास पर रहेंगे। 4 जनवरी को मुरैना, भिण्ड व ग्वालियर नगर एवं 5 जनवरी को ग्वालियर ग्रामीण जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न जिलों में आयोजित विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह 4 जनवरी को सुबह 10.30 बजे दिमनी, सुबह 11.30 बजे अंबाह एवं दोपहर 2 बजे मेहगांव में मेहगांव व गोहद की विधानसभा बैठकों को संबोधित करेंगे। सायं 4 बजे भिंड पहुंचकर भिंड, अटेर व लहार विधानसभा एवं सायं 7 बजे ग्वालियर में ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व एवं ग्वालियर दक्षिण विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे। कल सुबह 11 बजे ग्वालियर ग्रामीण की डबरा, भितरवार व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे।

चिंतन

# सोशल मीडिया पर अनैतिक गतिविधियां बढ़ा रहीं खतरा

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, दोस्तों से जुड़ते हैं और जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही कई खतरे भी हैं, जैसे कि साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और गलत जानकारी का प्रसार। इसलिए, सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। सबसे बड़ा खतरा है साइबर अपराध। साइबर अपराधी लोगों के अकाउंट हैक कर लेते हैं और उनकी निजी जानकारी का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए, अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें और दो-स्तरीय सत्यापन रखें। सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट, अनैतिक गतिविधियां गैर-कानूनी और समाज के लिए हानिकारक हैं। खासकर बच्चों और युवाओं पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। एआई जितना काम आसान बना रहा है उतनी ही समस्याएं बढ़ा भी रहा है। इस समय सबसे बड़ा मुद्दा है सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट परोसा जाना और उसे फर्जी तरीके से प्रचारित किया जाना। यह किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। फर्जी खबरें और धोखाधड़ी जैसे मामले भी मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं, इसलिए यूजर्स को सोच-समझकर पोस्ट करनी चाहिए और प्राइवेसी सेटिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अश्लील कंटेंट और एआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स के एआई एप ग्रोक पर सवाल उठाए और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा था कि कुछ लोग एआई एप ग्रोक की मदद से महिलाओं की अश्लील तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मसला है। एक्स पर फर्जी अकाउंट्स के जरिए महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं और ग्रोक को ऐसे आपत्तिजनक प्रॉम्प्ट दिए जा रहे हैं, जिनसे महिलाओं की पोशाक को कम दिखाकर पेश किया जा रहा है। उनकी असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं। यह सिर्फ फर्जी अकाउंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो अपनी तस्वीरें खुद सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अस्वीकार्य और एआई फीचर का घोर दुरुपयोग बताया है। इस पर सरकार ने एक्शन लेते हुए एक्स को निर्देश दिए थे कि वह एआई एप ग्रोक से बनाए जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर एलन मस्क की कंपनी एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा। साथ ही अगर कोई यूजर ग्रोक का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो यूजर्स का अकाउंट हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अश्लील, हिंसक और गैरकानूनी कंटेंट आसानी से उपलब्ध है। इससे साइबर धोखाधड़ी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी और ऑनलाइन घोटालों का खतरा रहता है। इसके अत्यधिक उपयोग से अकेलापन, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी आ सकती है। देखने में आ रहा है कि आज के डिजिटल युग में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ गलत और गैरकानूनी कंटेंट का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में सोशल मीडिया मंच और यूजर्स को जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है।

विचार
विमल चोपड़ा



# पीने का साफ पानी नहीं दे पाना चिंता का विषय

21वीं सदी में जनता को हम पीने का साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं, यह हमारे लिए चिंता का विषय है। सरकार योजना बनाती है, राशि उपलब्ध कराती है, पर निचला अमला अपनी लापरवाही के कारण इन योजनाओं को पूर्ण सावधानी के साथ इसे अमली जामा नहीं पहना पाता। इसी लापरवाही के कारण स्थल चयन की गलती इंदौर जैसी घटनाओं को अंजाम देती है।" इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 8 लोगों की मौत का समाचार हतप्रभ करने वाला है। परंतु इस प्रकार की घटनाएं यदा-कदा, छोटी-मोटी देश के अनेक स्थानों से सुनने-पढ़ने को मिलती रहती हैं। इंदौर जैसे स्वच्छता का पुरस्कार पाने वाले देश के प्रथम शहर में हुई इस प्रकार की घटना के लिए कोई एक व्यक्ति या एक सरकार जिम्मेदार नहीं हो सकती। यह समय बीतने के साथ पाइपलाइन में होने वाले परिवर्तन का परिणाम है। इंदौर की इस घटना का पोस्टमार्टम करने पर निकलेगा कि वर्षों पहले डाली गई पाइपलाइन वर्षों पुरानी नाली से गुजर रही थी, वर्षों तक कुछ नहीं हुआ और वर्षों बाद अचानक यह घटना घटी और कलंक उसके माथे पर लगा जिसने न तो यह लाइन बिछाई और ना ही उसने वह नाली बनाई पर वर्षों का धरती के भीतर दबा लावा तो वर्तमान प्रशासन-शासन के कार्यकाल में धरती फाड़कर बाहर निकला।

इंदौर ही नहीं, मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश में जहां अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। परंतु इंदौर में एक साथ इतनी मौतें व इतने अधिक लोगों का बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होना घोर प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। शिकायतें जनप्रतिनिधियों से होकर प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचती हैं और उसकी गंभीरता विस्फोट के बाद ही समझ में आती है। यह हमारे संवेदनहीन समाज का चरित्र बन चुका है और जांच पर जांच होगी पर जिम्मेदारी शायद तय हो पाए और न ही हम कोई सबक सीखकर भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसका प्रयास करेंगे। इस प्रकार की भयंकर दुर्घटनाओं को रोकने का सार्थक प्रयास करने का समय अब आ चुका है।

10 वर्षों तक नगरपालिका अध्यक्ष का दायित्व निभाने के दौरान शहरी जल वितरण व्यवस्था को निकट से देखने का अवसर मिला, जिसमें अनेकों खामियां समझ में आयी पर लकीर के फकीर बने प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं किया। आज भी लगभग सभी शहरों एवं गांवों में पेयजल वितरण की पाइपलाइन नालियों के नीचे या ऊपर या उनके भीतर से उन्हें क्रॉस करते हुए आगे बढ़ती है। जिससे इंदौर जैसी घटनाओं की आशंका लगभग प्रत्येक स्थान पर बनी रहती है और हमारा अमला इन सब बातों को नजरअंदाज करता हुआ लापरवाही पूर्वक आगे बढ़ता जाता है। ऐसे मामलों में बड़ी जिम्मेदारी तो प्रशासनिक अधिकारियों की होती है, साथ ही सीमित जिम्मेदारी एक स्तर तक के जनप्रतिनिधियों की भी होती है। नगरीय क्षेत्र में उस वार्ड का पार्षद एक सीमित दायरे में जिम्मेदार होगा क्योंकि ऐसी घटनाओं की प्रथम सूचना उस तक ही आती है और उसकी गंभीरता या लापरवाही घटना को छोटा या बड़ा बनाती है। एक पार्षद अपने वार्ड की सबसे गहरी जानकारी रखने वाला होता है। उसे वार्ड की पाइपलाइन, नालियों एवं अन्य भौतिक संरचनाओं की अच्छी जानकारी होती है। साथ ही जनसेवा के इस क्षेत्र को वह अपनी मर्जी से चुनता है, अतः वह नैतिक रूप से तो काफी हद तक जिम्मेदार होता है, परंतु प्रशासनिक स्तर पर उसकी जिम्मेदारी सीमित हो जाती है क्योंकि आदेशात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही का कोई अधिकार उसके पास नहीं होता, परंतु प्रशासन पर दबाव की नैतिक ताकत उसके पास असीमित होती है।

नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान पता चला कि पेयजल पाइपलाइन के अंडरग्राउंड होने की वजह से अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पाइपलाइन का लीकेज तो सामान्य बात है परंतु यह समस्या गंभीर रूप वहां धारण कर लेती है जहां नाली और पाइपलाइन का समागम होता है और इंदौर जैसी घटनाएं हो जाती हैं। रायपुर व अन्य शहरों में भी पीलिया आदि जल जनित बीमारियों की खबरें एक क्षेत्र से आती रहती हैं और सड़कों, नालियों, भवनों में दबी पाइपलाइन का लीकेज खोजने में काफी खोदा-खादी और ऊर्जा का अपव्यय होता है। कई बार तो महीनों बाद लीकेज का पता चल पाता है जबकि पूरी सड़क खोद दी जाती है। हमारे पास अंडरग्राउंड पाइपलाइन में लीकेज पता करने का कोई दुरुस्त सिस्टम नहीं है तो सब कुछ अंदाज में चलता है और काफी मानवीय और आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ता है। 24 घंटे पाइपलाइन में पानी का दबाव बने रहने के कारण नाली या गंदे स्थान का पानी लीकेज पाइपलाइन में प्रवेश नहीं कर पाएगा व लीकेज स्थान से निकलने वाला पानी का शीघ्र पता चल जाएगा और उसकी मरम्मत शीघ्र हो सकेगी।

इंदौर जैसी घटनाओं से बचने का एक उपाय यह हो सकता है कि पीने की पाइपलाइन निस्तारी की पाइपलाइन से अलग हो एवं यह अंडरग्राउंड के बजाय लोगों के घरों से चिपक कर चले जिससे लीकेज तत्काल दिखे और अवैध पाइपलाइन से चोरी स्पष्ट पता चले। पीने का पानी आरओ (**RO**) वाटर होगा जो टंकी में लगे प्लांट से सप्लाई होगा और आरओ (**RO**) का बाहर निकला पानी टंकी से निस्तारी पाइपलाइन में चला जाएगा। मीटर की व्यवस्था इसमें आवश्यक रहेगी।

*-पूर्व विधायक महासमुंद, प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा*

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)



विशेष
नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च... यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है-

*'सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥'*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।



सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा-

*भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।*

अर्थात, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं। आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है। 1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जय सोमनाथ !

***-नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं।***

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

## चिंताजनक है हिंदुओं की हत्याएं

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की हत्याएं और उत्पीड़न अब सारी हदें लांघ चुके हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या हृदयविदारक है। यूनुस के कार्यकाल में 2900 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जब भारत 1971 में मानवता के नाते बांग्लादेश को स्वतंत्र करवा सकता है, लाखों तिब्बतियों, नेपालियों और रोहिंग्याओं के भार को झेल सकता है, तो क्या बांग्लादेश में बलि के बकरे बनते हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ नहीं कर सकता? पीड़ितों की सहायता को भारत को आगे आना चाहिए और विश्व समुदाय को भी इस नरसंहार से आंखें न मूंदकर शीघ्र बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की पुनरावृत्ति का सही समय है। हिंदू हितों की बात करने का भी यही मौका है।

*- महेश चौबे, दुर्ग*

करंट अफेयर

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक : संरा



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम 'खतरनाक मिसाल' कायम करते हैं। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस 'वेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं।' गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, 'ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें 'इस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।'मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार तड़के 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की थी कि अमेरिका ने वेनेजुएला और मादुरो के खिलाफ 'बड़े पैमाने' पर 'सफलतापूर्वक' हमला किया और 'मादुरो को उनकी पत्नी के साथ पकड़ लिया गया है एवं उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।

ऑफ बीट

# पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।

ट्रेंड

## परियोजनाओं का उद्घाटन



मोदी सरकार अंडमान और निकोबार को भारत के व्यापार, पर्यटन और रणनीतिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। आज विजयपुरम में अस्पतालों और सड़कों सहित 315 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 58 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

## रैन बसेरों का निरीक्षण



शीतलहर के प्रकोप से हर बेसहारा और जरूरतमंद का बचाव सुनिश्चित करने हेतु द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। आज वाराणसी के टाउन हॉल में रैन बसेरों का निरीक्षण किया।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

## बर्मन को श्रद्धांजलि



महान संगीतकार राहुल देव बर्मन की रचनाओं ने भारत के संगीत को नया रूप दिया, जिनकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देती है। उनकी पुण्यतिथि पर, उस महान हस्ती को मेरी श्रद्धांजलि, जिनके संगीत ने हमारे बचपन को रोशन किया।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

## गरीबों का संबल



महात्मा गांधी नरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा और गरीबों का संबल है। यूपीए सरकार ने इसे आमजन का 'कानूनी अधिकार' बनाया था, जिसे मोदी सरकार कमजोर करने का कुप्रयास कर रही है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सोमनाथः अटूट आस्था के 1000 वर्ष, आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक

सोमनाथ...ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है..."सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है।

*"सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥"*

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

## सोमनाथ मंदिर आज भी हमारे विश्वास का मजबूत आधार हमारी शक्ति का पुंज

### हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है।



### गजनवी नहीं छीन सका हमारी भावना

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। 1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया।

### करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा

हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया।

### 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोले गए

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।" ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया। सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था।



### एसी, बाथ फिटिंग और किचन का सामान होगा महंगा!

**नई दिल्ली।** कॉपर, एल्युमिनियम और निकेल जैसी धातुओं में तेजी से एसी, बाथ फिटिंग और किचन में बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल्युमिनियम की कीमत 3,000 डॉलर प्रति टन से अधिक हो गई है, जो कि बीते तीन वर्षों में सबसे ऊंची कीमतें हैं। कॉपर का दाम ऑल-टाइम हाई 12,000 डॉलर प्रति टन के पार निकल गया है। कई रिपोर्ट्स में बताया गया कि इन धातुओं विशेषकर कॉपर की कीमतों के उम्मीद से अधिक बढ़ने के कारण कई निर्माताओं की इनपुट लागत बढ़ गई है और वह और अधिक भार वहन करने में असमर्थ हैं, जिसके चलते एसी, किचन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, बाथ फिटिंग्स और कुकवेयर के दाम बढ़ सकते हैं।।

(एजेंसी)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग का सुझाव, कर नीति प्राथमिकता के आधार पर हो दुरुस्त

# उपभोग बढ़ाने के नाम पर सरकार को कर राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है।

■ उपभोग बढ़ाने के नाम पर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं

गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

### इससे आयकर व जीएसटी दोनों मदों में राजस्व नुकसान हो रहा

#### सरकार को कर नीति सही करना होगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में 2026-27 के लिए लगातार नौवीं बार आम बजट पेश कर सकती हैं। गर्ग ने बातचीत में कहा, "केंद्र सरकार का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट कर राजस्व, व्यय और घाटे जैसे सभी प्रमुख मोर्चों पर बढ़ते दबाव के बीच तैयार किया जा रहा है। सरकार को कर नीति को सही करना होगा। उपभोग में अपेक्षित वृद्धि के लिए कर राजस्व छोड़ने से आयकर और केंद्रीय जीएसटी दोनों मोर्चों पर कर प्राप्तियों को नुकसान पहुंचा है।"



#### घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा

गर्ग ने कहा, "इसी प्रकार, व्यय का दबाव भी बढ़ रहा है। इन सबके परिणामस्वरूप, घाटे को कम करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वित्त मंत्री को यह सुनिश्चित करना होगा कि कर वृद्धि सुदृढ़ आधार पर हो, व्यय व्यापक जनहित के अनुरूप हों और राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहे।"

#### राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह नरम

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 तक केंद्र सरकार की कुल आय 19.49 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत है। इसमें से 13.94 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व के रूप में मिले। वहीं सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है।

#### कर नीति सभी प्रकार के निवेश पर समान हो

यह पूछे जाने पर कि क्या लघु बचत योजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कुछ छूट दिये जाने की उम्मीद है, पूर्व वित्त सचिव ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि सरकार को बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट देनी चाहिए। चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

#### बचतकताओं को अपने विवेक से निर्णय लेने दें

गर्ग ने कहा, "बचतकर्ताओं को अपने विवेक के साथ निर्णय लेने दें। इसके बजाए सरकार को राष्ट्रीय बचत योजनाओं (एनएससी), आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसी कई बचत योजनाओं को बंद कर देना चाहिए।"कर सुधारों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, "आयकर छूटों में और कटौती करके वैकल्पिक योजना को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत है। उपभोग वृद्धि के नाम पर कर राजस्व का त्याग करने की रणनीति को समाप्त करना चाहिए।"

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने न्यूबंगाईगांव कारखाना केआधुनिकीकरण में नए बेंचमार्क स्थापित किए



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने दिसंबर 2025 के दौरान न्यू बंगाईगांव कैरेज एंड वैगन कारखाना में उल्लेखनीय बुनियादी ढांचा और परिचालनिक माइलस्टोन हासिल किए, जो भारतीय रेलवे की व्यापक सुधार और अपग्रेडेशन पहलों के अनुरूप रेलगाड़ियों के रखरखाव में आधुनिकीकरण, परिचालन दक्षता और उत्कृष्टता पर इसके निरंतर फोकस को पुनः दोहराते हैं।

इस उपलब्धि में कई इजाफा करते हुए, न्यू बंगाईगांव कारखाना को 2024 के दौरान राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा रेल मंत्रालय का राजभाषा शील्ड तथा 14,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इन उपलब्धियों सेएनएफआर का गौरव बढ़ा है। उक्त महीने के दौरान, न्यू बंगाईगाँवकारखाना ने असेंबल्ड डेमू डीपीसी बोगियों के लिए एक स्वदेशी परीक्षण बेंच भी विकसित किया, जो ट्रैक्शन मोटर्स की स्थापना पूर्व परीक्षण और त्रुटियों का प्रारंभिक पता लगाना संभव बनाता है। इस प्रणाली में अनिवार्य एक घंटे का रनिंग परीक्षण, कंपन और बेयरिंग तापमान के सटीक समय पर निगरानी तथा हाई-एक्यूरेसी डायल गेज का उपयोग कर सटीक बैकलैश मापन शामिल है, जिससे समय और जनशक्ति में उल्लेखनीय बचत होती है। न्यू बंगाईगाँवकारखाना में 25 कोचों के लिए रोलिंग स्टॉक कार्यक्रम के आवंटन के बाद एलएचबी कोचों की मिड-लाइफ रिहैबिलिटेशन (एमएलआर) को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है।

प्रभावी योजना और उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के माध्यम से, आईसीएफ पीरियोडिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) कार्यों को नई लाइट कोच रिपेयर शॉप(एलसीआरएस) में स्थानांतरित करने के बाद पुराने कोच लिफ्टिंग शॉप (सीएलएस)

### डी-मार्ट की आय 13% बढ़कर 17,612 करोड़

नई दिल्ली। खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर आय 13.15 प्रतिशत बढ़कर 17,612.62 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से आय 15,565.23 करोड़ रुपये थी।

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

### बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ करेगी पेश

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार यह निर्गम पूरी तरह से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा 46.57 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है।

## लग्जरी कार खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में 'जीएसटी 2.0' सुधारों के बाद लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं।

■ जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद तीन प्रतिशत की गिरावट आई

वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने बताया, "अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3 प्रतिशत घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं।" अय्यर ने कहा कि यह उतार-चढ़ाव शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में ज्यादा है, और मर्सिडीज-बेंज इंडिया के ज्यादातर ईवी मॉडल अत्यधिक लग्जरी खंड के हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी आठ प्रतिशत है।



# एफआईआई के रुख से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजीत मिश्रा ने कहा, "इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है। बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी।



वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।"

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, "बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के नतीजों पर है। निवेशक नतीजों से पहले प्रमुख दिग्गज कंपनियों में चुनिंदा रूप से अपनी पोजीशन बना सकते हैं। घरेलू स्तर पर, सेवा और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े व्यापारिक गति और रोजगार के रुझानों के बारे में जानकारी देंगे।"

**निवेशक बेरोजगारी के आंकड़ों पर देंगे ध्यान :** जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले सप्ताह के लिए निवेशक वैश्विक बाजार की दिशा के लिए अमेरिकी पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर ध्यान देंगे। कुल मिलाकर भावना रचनात्मक रहने की उम्मीद है, हालांकि बाजार एक स्थिर दायरे में रह सकते हैं।

#### कच्चे तेल पर भी रहेगी नजर

पोनमुडी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

### शब्द पहेली - 6099



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6098 का हल





इंग्लिश प्रीमियर लीग

## आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल



मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। बोर्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट

## अटलांटा ने रोमा को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मिलान

जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।



अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स

## क्वार्टर फाइनल में सेनेगल

एजेंसी ▶▶| रबात



सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने गियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी, जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया।

खबर संक्षेप




### डब्ल्यूएफआई ने रोकी कुश्ती प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की ओर से सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है, जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा। 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था।

### बंगाल की हर चुनौती के लिए तैयारः हरमनप्रीत

**चेन्नई।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का पहला फेज चेन्नई में खेला जाना है। सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला मौजूदा चैंपियन बंगाल टाइगर्स के साथ होना है।



सूरमा हॉकी क्लब के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि बंगाल की हर चुनौती के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार है। हम शांत हैं, स्पष्ट हैं, और चैंपियंस से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। हमें अपने पर किए गए काम पर भरोसा है। टीम के अधिकांश खिलाड़ी पहले भी एक साथ खेल चुके हैं, जिससे हमें शांत रहने और फोकस करने में मदद मिलती है। दबाव बनाना, अपने मौकों को गोल में बदलना, और जरूरी मौकों पर सही फैसले लेना बेहद अहम है। उन्होंने कहा, "हॉकी इंडिया लीग हमारे लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है क्योंकि आने वाला साल व्यस्त है।

### मार्टिन की सेहत में बड़ा सुधार, कोमा से बाहर आए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर डेमियन मार्टिन की सेहत को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। मार्टिन को कोमा से बाहर निकाल लिया गया है और वह



अब बात कर पा रहे हैं। 54 साल के डेमियन मार्टिन को बॉक्सिंग डे के दिन तब ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह अपने गोल्ड कोस्ट स्थित घर पर अस्वस्थ महसूस करने के बाद आराम करने के लिए लेटे थे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेनिन्जाइटिस से पीड़ित पाया, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में कृत्रिम कोमा में रखा गया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने मार्टिन की हालत में तेजी से सुधार की जानकारी दी।

**एशेजः** पांचवे टेस्ट में रूट और ब्रूक ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड के 3 विकेट पर 211 रन

# ऑस्ट्रेलिया ने 138 साल के सिलसिले को तोड़ा, बिना स्पिनर के सिडनी में खेलने उतरा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की टीम सिडनी में 138 साल बाद बगैर स्पिनर से उतरी। इससे पहले 1888 में ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां बगैर स्पिनर के टेस्ट खेलने उतरी थी। वहीं रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए।

रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका।

### रूट का 67वां अर्धशतक पूरा

रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए, जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी, जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। वहीं यह 1888 के बाद पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में किसी विशेषज्ञ स्पिनर को मैदान में नहीं उतारा। चौथे टेस्ट के दौरान गस एटकिंसन के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 3-1 की बढ़त के साथ पहले ही एशेज अपने पास रखना सुनिश्चित कर चुका है।

ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में 3-1 की बढ़त



### ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में लिए 2 विकेट

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया।ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

### डकेट को 8 बार आउट कर चुके हैं मिचेल स्टार्क

दरअसल मिचेल स्टार्क धीरे-धीरे बेन डकेट के लिए बुरा सपना बनते जा रहे हैं। डकेट टेस्ट में उनके खिलाफ अब तक आठ बार आउट हो चुके हैं। इस सीरीज में वह स्टार्क के खिलाफ पांच बार आउट हो चुके हैं। इस गेंदबाज के खिलाफ उन्होंने अब तक 183 गेंदों में 173 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 94.53 और औसत 21.62 का रहा है। इस गेंदबाज के खिलाफ डकेट ने रन जरूर बनाए हैं लेकिन वह आउट भी काफी बार हुए हैं। डकेट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे किए थे। वह टेस्ट में सबसे कम गेंदों में 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बने थे।

### *तेंदुलकर का महा-रिकॉर्ड तोड़ने के करीब रूट*

*सचिन तेंदुलकर ने 51 शतकों के अलावा 68 अर्धशतक लगाए। दूसरी ओर रूट के नाम अब 163 टेस्ट मैचों में 67 अर्धशतक और 40 शतक हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में फिफ्टी लगाकर वेस्टइंडीज के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल के 164 टेस्ट मैचों में बनाए गए 66 अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पांचवें टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक जड़ा। इस अर्धशतक के साथ वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा अर्धशतक के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। रूट का यह टेस्ट क्रिकेट में 67वां अर्धशतक था।*

बीबीएल

## रेनेगेड्स ने स्टार्स को 4 विकेट से हराया, ब्राउन की खेली तूफानी पारी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 22वें मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। सीजन में अपनी दूसरी जीत के साथ मेलबर्न रेनेगेड्स ने 4 अंक हासिल कर लिए हैं। 6 में से 2 मैच गंवाकर मेलबर्न स्टार्स 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 9 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इस टीम को सैम हार्पर और थॉमस रॉजर्स की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई।दोनों बल्लेबाजों ने 2.4 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। थॉमस 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हार्पर ने 10 गेंदों में 20 रन टीम के खाते में जोड़े।

### गुरिंदर संधु ने हासिल किए सर्वाधिक 4 विकेट

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 33 रन, जबकि टॉम करेन ने 38 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम से गुरिंदर संधु ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि कैलम स्टो ने 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स ने 19.5 ओवरों में जीत दर्ज की। इस टीम ने 24 के स्कोर पर टिम सीफर्ट (6) का विकेट गंवा दिया था। यहां से जोश ब्राउन ने मोहम्मद रिजवान के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 127 के स्कोर तक पहुंचाया।

### ब्राउन ने 48 गेंदों पर बनाए 84 रन

ब्राउन 48 गेंदों में 4 छक्कों और 9 चौकों के साथ 84 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मोहम्मद रिजवान ने 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 41 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान विल सदरलैंड ने 19 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हारिस रऊफ और पीटर सिडल ने 2-2 विकेट हासिल किया, जबकि मिचेल स्वैपसन ने 1 विकेट निकाला। रेनेगेड्स अपना अगला मैच 7 जनवरी को पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ खेलेगी, जबकि स्टार्स 8 जनवरी को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

टी-20 विश्व कप

## बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान, लिटन को सौंपी कप्तानी, तास्किन अहमद की वापसी

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय की ओर से टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।



### बांग्लादेश टीम

लिटन दास (कप्तान), मोहम्मद सैफ हसन (उप कप्तान), तंजीद हसन, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शक महेदी हसन, रिशद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तास्किन अहमद, मोहम्मद शैफुद्दीन, शोरफुल इस्लाम।

### 7 फरवरी से शुरू होगी स्पर्धा

दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे, जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है। बीसीबी ने 'एक्स' पर कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है, जो 7 फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

## महिला एचआईएल ...



**रांची।** ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे शुरू हुआ

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी के पहले दिन ही विलंब से मची अफरा-तरफरी

- दिन के 80 मुकाबले (38 महिला और 42 पुरुष) दोपहर दो बजे शुरू होने थे, पर नहीं हो पाए
- आयोजकों ने महिलाओं के मुकाबले का समय बदला

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

सीनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को तैयारियों में देरी और अव्यवस्था के कारण अफरा-तफरी मच गयी जिससे मुक्केबाजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। लॉजिस्टिक्स (प्रतियोगिता के लिए जरूरी साजो-सामान) संबंधी दिक्कतों के कारण चैंपियनशिप चार घंटे के विलंब से शुरू हुई। लंबे समय तक हुई देरी के कारण आयोजकों को महिलाओं के 32 मुकाबलों को मंगलवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित करना पड़ा। पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहली बार एक साथ आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दोपहर दो बजे शुरू होना था। यह ऐतिहासिक क्षण हालांकि अफरा-तफरी और लंबे इंतजार में बदल गया जिसने पूरे दिन के कार्यक्रम को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के रिंग आम तौर पर एक दिन पहले ही तैयार हो जाते है। मुकाबले दोपहर दो बजे शुरू होने थे लेकिन तब तब ऐसा नहीं हो सका था। तीन रिंग तैयार होने थे, लेकिन शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया और तकनीकी खराबी के कारण उसे भी दोबारा लगाना पड़ा। इस काम को जल्दी पूरा करने के लिए अधिकारियों को स्वयं रिंग का निर्माण करते हुए देखा गया। दिन के 80 मुकाबलों (38 महिला और 42 पुरुष) में से पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे पुरुषों के मुकाबले के साथ शुरू हुआ। जबकि महिला मुक्केबाजों को और भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रात आठ बजे तक भी उनके मुकाबलों के शुरू होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी। आखिर में महिलाओं के सिर्फ छह मुकाबले हुए। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव प्रमोद कुमार ने पीटीआई को बताया, "देरी कुछ लॉजिस्टिक्स समस्याओं के कारण हुई।" बीएफआई ने लॉजिस्टिक्स परेशानियों को देरी का कारण बताया तो वहीं मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण हुई थी। सूत्र ने कहा, "विक्रेता को भुगतान नहीं किया गया था। भुगतान मिलने के बाद ही काम शुरू हुआ।



*शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया*

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडरः सिंड्रेला और दिव्यांशी ने की जीत से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने 'डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर' 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की।

शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त



खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के दूसरे सत्र में अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग में कुल 226 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।




### चीन दो टूक कहा-अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा और संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे

# वेनेजुएला पर कार्रवाई करने वाले 'शांति दूत' ट्रंप का पूरी दुनिया में विरोध
# यूएन ने बुलाई आपात बैठक, अमेरिका बोला राज तो हम ही करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खुद को शांति दूत स्थापित करने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से वेनेजुएला की व्यवस्थित सरकार को छिन्नभिन्न किया है उसकी विश्व विरादरी जमकर निंदा कर रही है। बीजिंग ने इसे खुले तौर पर 'दादागिरी' करार दिया है, जबकि रूस ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की अपील की है। दोनों देशों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांग का समर्थन किया है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम 'हेजेमोनिक एक्शन' है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन करता है।

मंत्रालय ने कहा कि चीन इस कार्रवाई से गहरी चिंता में है और किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति के खिलाफ बल प्रयोग का कड़ा विरोध करता है।

अमेरिका की यह कार्रवाई ना सिर्फ वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि इससे पूरे लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चीन ने अमेरिका से मांग की है कि वो अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करे और अन्य देशों की सुरक्षा और संप्रभुता का उल्लंघन बंद करे।

*गिरफ्तारी के दौरान गुड नाइट हैप्पी न्यूइयर कहा था राष्ट्रपति मुदारो ने*

*अमेरिकी डेल्टा फोर्स ने मात्र 30 मिनट की कार्रवाई में बना लिया था बंधक*

*वेनेजुएला के गार्ड भी कर रहे थे अमेरिका के लिए काम*

*यूएस ने दूसरे देशों को चेताया कहा- वे अपनी हद में रहें*


बंधक बने मादुरो


प्रदर्शन में अमेरिकी झंडे जलाए गए

### अपने ही घर में घिरे ट्रंप, न्यूयॉर्क से लॉस एंजेलिस तक प्रदर्शन
## मेयर ममदानी ने युद्ध बताया तो कमला ने कहा ये अराजकता है

*वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी ने अमेरिका के भीतर एक भीषण राजनीतिक युद्ध छेड़ दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस सैन्य ऑपरेशन को अपनी सबसे बड़ी जीत बताया, अब वही उनके लिए गले की फांस बनता दिख रहा है। न्यूयॉर्क से लेकर वॉशिंगटन तक, ट्रंप के इस 'बोल्ड' कदम की तीखी आलोचना शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जैसे दिग्गजों ने इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और युद्ध जैसा कृत्य करार दिया है। अमेरिका अब दो गुटों में बंट गया है, जहां एक तरफ ट्रंप की ताकत का प्रदर्शन है तो दूसरी तरफ संविधान और सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल। वहीं अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने 3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्ट इंटरनेट की सुविधा देने का ऐलान किया है। न्यूयॉर्क के नवनियुक्त मेयर जोहरान ममदानी ने शपथ लेने के महज दो दिन बाद राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर हड़कंप मचा दिया। ममदानी ने मादुरो की गिरफ्तारी को एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला बताया। उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी कि मादुरो को न्यूयॉर्क की संघीय हिरासत में रखने से शहर की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। मेयर का मानना है कि सत्ता परिवर्तन की यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और इससे न्यूयॉर्क में रहने वाले वेनेजुएला मूल के लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो सकता है। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रंप प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए इस ऑपरेशन को ₹अवैध और खतरनाक₹ बताया है। हैरिस ने कहा कि इतिहास गवाह है कि सत्ता परिवर्तन और तेल के लालच में शुरू किए गए युद्ध अंत में केवल आर्थिक बोझ और सैनिकों की शहादत का कारण बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के पास इस सैन्य कार्रवाई के बाद का कोई 'एग्जिट प्लान' नहीं है। हैरिस के मुताबिक, इस कदम से अमेरिका मजबूत नहीं, बल्कि और अधिक असुरक्षित हो गया है।*



**3 फरवरी तक वेनेजुएला में मुफ्ट इंटरनेट की सुविधा देंगे मस्क**

### मादुरो से पहले इन 3 देशों के राष्ट्रपतियों को पकड़ चुका है अमेरिका
## नोरिएगा को पकड़ा जेल में मौत,सद्दाम को फांसी दी और हर्नांडेज को 45 साल की सजा

*अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को पकड़कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-टेररिज्म फैलाने, कोकीन की तस्करी, मशीनगन और विनाशकारी उपकरणों के जरिए अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ने किसी देश के प्रमुख को सैन्य कार्रवाई के दौरान पकड़ा है। इससे पहले तीन देशों में अमेरिका ने ऐसी ही सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्राध्यक्षों को पकड़ा था। अमेरिका ने 1989 में पनामा पर हमला कर सैन्य नेता मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार किया था। अमेरिका ने यह हमला इसलिए किया था, ताकि मैनुअल नोरिएगा को पद से हटाया जा सके। अमेरिका ने मैनुअल नोरिएगा पर पनामा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा, अलोकतांत्रिक प्रथाएं, भ्रष्टाचार और अवैध ड्रग व्यापार में शामिल बताया था। पनामा पर हमला करने से पहले, अमेरिका ने 1988 में मियामी में नोरिएगा पर ड्रग तस्करी का आरोप लगाया था। नोरिएगा ने 1985 में निकोलस अर्दितो बार्लेटा को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, जिन्हें अमेरिका का करीबी नेता माना जाता था। उन्होंने 1989 में पनामा में आम चुनाव को भी रद्द कर दिया था और अमेरिका विरोधी भावना का समर्थन किया था। मैनुअल नोरिएगा पर मियामी में मुकदमा चलाया गया और 2010 तक जेल में रखा गया। बाद में उन्हें दूसरे मुकदमे के सामना करने के लिए फ्रांस भेज दिया गया।*

### 2017 में पनामा की जेल में हुई थी मौत

फ्रांस ने एक साल बाद मैनुअल नोरिएगा को वापस पनामा भेज दिया। नोरिएगा की 2017 में पनामा की जेल में मौत हो गई, जहां वह अपने अपराधों के लिए सजा काट रहे थे। इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 13 दिसंबर, 2003 को अमेरिकी सेना ने पकड़ा था। सद्दाम को इराक पर अमेरिकी नेतृत्व वाले हमले और कब्जे के नौ महीने बाद पकड़ा गया था। सद्दाम को उनके गृहनगर तिकरित के पास एक गड्ढे में छिपा हुआ पाया गया था। उन पर एक तथाकथित इराकी अदालत में मुकदमा चला और मौत की सजा सुनाई गई। सद्दाम हुसैन को 30 दिसंबर, 2006 को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए उसे फांसी दे दी गई। अमेरिका ने फरवरी 2022 में होंडुरास में एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को पकड़ा था। गिरफ्तारी से ठीक पहले जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज होंडुरास के राष्ट्रपति पद से चंद दिनों पहले ही रिटायर हुए थे। उन्हें अमेरिकी सेना ने होंडुरास सेना के साथ एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया था।

**सुरक्षा परिषद की आपात बैठक आज**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) आपात बैठक बुलाने की जानकारी दी है। बैठक का एजेंडा है "अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे"। इस महीने के लिए सोमालिया परिषद का घूर्णन अध्यक्ष है।

### ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक
## बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है।



जिसने 2019 तक सीरिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसे रोकने के लिए ब्रिटेन ने फ्रांस के साथ मिलकर ऑपरेशन किया।ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, रॉयल एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट मार्च 2019 में अपनी सैन्य हार के बाद दाएश आतंकवादी ग्रुप के किसी भी संभावित पुनरुत्थान को रोकने के लिए सीरिया के ऊपर गश्त करना जारी रखे हुए हैं।

## संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर रवाना हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए हैं। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच बढ़ते रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। दोनों देशों के रक्षा संबंध सशक्त करने की दिशा में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। थलसेना प्रमुख का यह दौरा दोनों देशों के बीच आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को व्यापक बनाने पर केंद्रित है। जनरल द्विवेदी यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। सैन्य-स्तरीय संवाद, संयुक्त प्रशिक्षण, रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की संभावना है। भारतीय सेना के मुताबिक जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को यूएई के लिए रवाना हो गए हैं। जनरल द्विवेदी 5 व 6 जनवरी को यूएई के सैन्य नेतृत्व समेत विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

### राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हुए जवान, पासिंग आउट परेड में दिखे भावुक क्षण

असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया

## सरहदों की निगरानी के लिए बीएसएफ को मिले 447 नए सीमा प्रहरी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्रीनगर के हुमहामा बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में 447 रंगरूटों ने पासिंग आउट परेड पूरी कर जवानों के रूप में बीएसएफ में शामिल होकर देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैयार हुए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ट्रेनी को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

■ ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी में दिखा युवाओं में देशभक्ति का जज्बा

श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ के सब्सिडरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) में युवाओं में देशभक्ति का जज्बा दिखा।

मौका था रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह का। इसमें 447 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए। कार्यक्रम में आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे।

आईजी मिंज ने रंगरूटों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल देश की सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है बल्कि इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुहतोड़ जवाब देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


उत्साहित दिखे जवान


परेड को सलामी देते हुए जवान

### परेड की कमान सुखदीप पांजा ने संभाली

उन्होंने रिक्रूटों को साहस और उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। आईजी ने रंगरूटों को उनके जीवन और सेवा में उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने विभिन्न इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण गतिविधियों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले रंगरूटों को पदक से सम्मानित किया। बैच 128, 129 और 130 की परेड की कमान रंगरूट कांस्टेबल सुभदीप पांजा ने संभाली। हर बैच के पांच ट्रेनी को बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए ट्रॉफी मिली।बैच के पांच प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ चुना गया और उन्हें ट्रॉफी प्रदान की गईं। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स व अन्य सिक्योरिटी फोर्सेज के सीनियर अधिकारियों, ट्रेनी के माता-पिता और परिवार वालों ने इस यादगार परेड को देखा।

### रक्षा के लिए मर मिटने के लिए तैयार जवान



पासिंग आउट परेड के बाद बीएसएफ के जवान मृत्युंजय ने कहा कि दिल में देश सेवा की भावना शुरू से थी। अब देश के बॉर्डर की रक्षा करूंगा। एक अन्य जवान अक्षय ने कहा 44 सप्ताह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद आज काफी खुशी है। देश के प्रति सेवा करने का सौभाग्य मिला है और देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार हैं। बता दें कि लगभग सभी जवानों में एक जैसा जज्बा और उत्साह था।

**44 सप्ताह का किया कठोर प्रशिक्षण:** एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी के बैच 128, 129 व 130 के 447 के रंगरूटों को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विकल्प के तौर पर रखा था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109